हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 93, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 30 सितम्बर, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## उत्तर प्रदेश के 62 जिलों को सीधा लाभ पहुंचाएगी योगी सरकार

### वर्ष 2023-24 में तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने लोगों को सुरक्षित पेयजल पहुंचाने व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में जलशोधन व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इन निदेशों को एक विस्तृत कार्ययोजना की शक्ल दी गई है, जिसके क्रियान्वयन के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने कई स्तरों पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना के लंबित कार्यों को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 में तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 841.98 करोड़ रुपए है और नाबार्ड पोषित इस परियोजना के अंतर्गत 410 करोड़ रुपए की प्रावधानित राशि में से तीसरी किस्त के तौर पर मौजूदा धन आवंटन को वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनिकीकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रदेश में दक्षिण परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम जिलों में 100 से अधिक राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में सिंचाई व जल संसाधन विभाग बड़ा कदम उठाने जा रही है। परियोजना के लिए 2.99 करोड़ रुपए की धनराशि प्राविधानित है, जिसमें से पहली किस्त के तौर पर 1.49 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे परियोजना के तहत लंबित कार्यों की पूर्ति में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, बांदा में 137, सुल्तानपुर सदर क्षेत्र में 50, जौनपुर के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में 22, मेरठ के नलकूप खंड पूर्व के अंतर्गत 80 राजकीय नलकूप व 14 पंप सेटों की प्रतिस्थापना व भदोही में 69 अदद राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एक करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है। इस प्रकार, दक्षिण परिक्षेत्र समेत 5 जिलों में नलकूप के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में कुल 7.16 करोड़ रुपए पहली किस्त के तौर पर जारी किया गया है।

### विपक्षी गठबंधन में मतभेद की संभावनाओं पर शरद पवार का बड़ा बयान, बोले- सावधानी बरतना बेहद जरूरी

मुंबई। राकांपा प्रमुख शरद पवार बारामति में मीडिया से बातचीत करते हुए आने वाले दिनों में इंडिया गठबंधन की पार्टियों के बीच मतभेद होने की संभावनाओं पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा भविष्य में इंडिया गठबंधन में किसी प्रकार का कोई विवाद न हो इस पर सावधानी बरता जाएगा। दरअसल, कुछ महीनों में राजस्थान और मध्य प्रदेश में चुनाव होने वाला है, ऐसे में इंडिया गठबंधन पार्टियों के बीच कोई विवाद न हो इसके लिए अभी से सावधानी बरतना जरूरी है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव चुनाव में मोदी सरकार को हराने के लिए दो दर्ज से भी ज्यादा विपक्षी पार्टी इंडिया गटबंधन में शामिल हुई है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के कुछ सीटों पर अपना दावा करने के बाद हुए मतभेद पर सवाल पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, 'जब चुनाव नजदीक आता है तो, उस दौरान मतभेद की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हम गठबंधन में तटस्थ नेताओं को भेजकर इस मुद्दे को सुलझाएंगे।' राकांपा प्रमुख ने आगे कहा कि कुछ ही महीनों में चार से पांच राज्यों में चुनाव होने वाला है, जो कि उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'इंडिया गठबंधन पहले यह देखेगा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में कैसे सभी पार्टियां एक साथ आती है। मुंबई वापस जाने के बाद मैं कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ बैठक करूंगा, जिसमें हम आने वाले चुनावों में विवाद न होने के लिए सावधानी बरतेगें।'

## दिल्ली में करीब 25 करोड़ की सबसे बड़ी चोरी के मामले में छत्तीसगढ़ से दो को पकड़ा, 25 किलो सोना बरामद



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ पुलिस ने शातिर चोर लोकेश श्रीवास और उसके साथी शिवा चंद्रवंशी को 25 किलो सोने के साथ पकड़ा है। पुलिस को लोकेश श्रीवास के पास से 25 किलो सोना के अलावा नगदी और अन्य जेवरात भी बरामद हुए हैं। दुर्ग पुलिस ने लोकेश को कोहका से हिरासत में लिया है। आरोपी लोकेश ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली के जंगपुरा इलाके में ज्वेलरी शोरूम में करीब 20 घंटे तक रहा था। बताया जाता है कि चोरी का यह संपूर्ण माल दिल्ली में हुई चोरी का है। लोकेश की बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीवास को दुर्ग पुलिस ने आकाशगंगा में पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। फिलहाल दुर्ग पुलिस लोकेश श्रीवास से अन्य मामले की पूछताछ कर रही है। आरोपी लोकेश ने वर्ष 2021 में दुर्ग छत्तीसगढ़ से 40 किलो सोना चुराया था। इस मामले में मध्य प्रदेश पुलिस लोकेश व उसके साथी की तलाश कर रही थी। मध्य प्रदेश पुलिस ने लोकेश के साथी को गिरफ्तार कर लिया था और उसके साथी ने बताया था कि लोकेश दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। आरोपी लोकेश व उसका साथी आंध्र प्रदेश में भी चोरी की बड़ी वारदात करके कर आए थे। आंध्र प्रदेश पुलिस मध्य प्रदेश पहुंची थी। इसके बाद इन दोनों के बारे में खुलासा हुआ था। मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उसके बाद दिल्ली पुलिस इस चोरी की इस सबसे बड़ी वारदात का खुलासा कर सकी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत का स्टैंड क्लियर, दुनिया ने हमारे सैन्य संकल्प पर दिया ध्यानः सेना प्रमुख

नई दिल्ली। भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत के रुख का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित पहले है। उन्होंने भारत की विदेश नीति और कूटनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने अपना स्टैंड क्लियर रखा। सेना प्रमुख मनोज पांडे शुक्रवार को विज्ञान भवन में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 118 वें वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी विदेश नीति और कूटनीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समूह, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, व्यापार समझौते के विस्तार और वैश्विक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए हमारे प्रयास स्पष्ट है। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारा प्रयास आत्मनिर्भर भारत बनाने पर है। उन्होंने कहा कि हम अनुसंधान व विकास के लिए परीक्षण और प्रावधान पर जोर देते रहेंगे। उन्होंने अग्निपथ योजना पर कहा कि ये चार साल के बाद सशक्त होंगे।

## 'अपना अक्ल और शक्ल देखें', ठाकुर का कुआं विवाद पर लालू प्रसाद की आनंद मोहन को दो टूक



पटना। "ठाकुर का कुआं" से शुरू हुआ सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने राज्यसभा सांसद मनोज झा के बचाव करते दिखे। शुक्रवार सुबह पटना में राबड़ी आवास के पास मीडिया ने उनसे सवाल पूछा कि आनंद मोहन कह रहे हैं कि ठाकुर को लेकर मनोज झा द्वारा पढ़ी गई कविता से राजपूत समाज का अपमान हुआ है। इस पर लालू प्रसाद ने कहा, "ऐसी कोई बात नहीं है। जिसको जितना अक्ल होगा उतना ही न बोलेगा। वह (आनंद मोहन) अपना अक्ल और शक्ल देखें।" वहीं अपनी ही पार्टी के विधायक चेतन आनंद द्वारा मनोज झा के विरोध पर लालू प्रसाद ने कहा कि उसको उतना ही अक्ल है। वहीं एक दिन पहले ही पटना में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव इस मामले का बचाव करते दिखे थे। गुरुवार शाम को लालू प्रसाद ने कहा कि मनोज झा विद्वान आदमी हैं। सही बात वो बोले हैं। किसी ठाकुर या राजपूत के खिलाफ उन्होंने कुछ नहीं बोला हैं। लालू ने जो कहा- मनोज झा विद्वान आदमी हैं। सही बात को बोलते हैं। कोई राजपूतों के खिलाफ उन्होंने नहीं कहा है। जो सज्जन (आनंद मोहन सिंह) यह रीएक्शन दे रहे हैं, वह अपनी जाति में जातिवाद के लिए प्रसिद्ध आदमी हैं। उनको परहेज करना चाहिए। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने एक बार फिर से गुरुवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी और राज्यसभा सांसद मनोज झा पर निशाना साधा था। उन्होंने मनोज झा की तुलना फिटकरी से कर दी। आनंद मोहन ने कहा कि जिस तरह से फिटकरी का इस्तेमाल शेविंग के बाद किया जाता है। यह कीटाणु नाशक है और एक क्विंटल दूध में एक ढेला इसको डाल दीजिए दूध फट जाएगा। यह जमने ही नहीं देगा। वह फिटकरी 'मिस्टर झा' हैं।

## भाजपा अपने दम पर जीतेगी प्रदेश की 80 लोकसभा सीट : केशव प्रसाद मौर्य

मेरठ। परतापुर स्थित द्वारा दोआब विलास रिजार्ट में आयोजित भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के दो दिवसीय नगर निगम पार्षदों के प्रशिक्षण वर्ग समापन हो गया। मुख्य वक्ता प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नगर निगम के पार्षदों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा। अपने वार्ड को विकसित बनाना होगा। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा देश में अपने दम पर देश में 300 के पार जाएगी और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजयश्री हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कभी श्री राम के अस्तित्व को नकारने वाले अब अयोध्या में बना रहे भव्य राम मंदिर में माथा देखने के लिए जा रहे हैं। कहा कि मध्य प्रदेश में भी शिवराज सिंह चौहान की अगवाई में फिर से भाजपा सरकार सत्ता में आ रही है। जौहर विश्वविद्यालय पर हो रही कार्रवाई को लेकर केशव मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ। जौहर विश्वविद्यालय मैं प्रयोग हुए सरकारी धन की जांच की जा रही है, दोषियों पर कार्रवाई होगी। उप मुख्यमंत्री ने मेरठ पुलिस द्वारा खरखौदा क्षेत्र के एक शिक्षक



की बाइक में तमंचा रखने की घटना पर कहा कि दोषी बचेगा नहीं और निर्दोष फसेगा नहीं। महिला आरक्षण के साथ केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में भी उप मुख्यमंत्री ने विस्तार से जानकारी दी। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में ना उनका पीडीए चलेगा ना एडीए।

## मेनका गांधी के खिलाफ सौ करोड़ रु. का मानहानि का दावा करेगा इस्कॉन कोलकाता, भेजा नोटिस



कोलकाता। मेनका गांधी के इस्कॉन के खिलाफ दिए बयान को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री की परेशानी बढ़ सकती है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा है कि वह मेनका गांधी के खिलाफ सौ करोड़ रुपये का मानहानि का दावा करेंगे। इस संबंध में मेनका गांधी को नोटिस जारी कर दिया गया है। दास ने कहा कि कोई सांसद बिना किसी तथ्य के ऐसा झूठा आरोप कैसे लगा सकता है? राधारमण दास ने कहा कि 'मेनका गांधी का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे दुनियाभर में फैले हमारे अनुयायियों को दुख पहुंचा है। हम मेनका गांधी के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का केस कर रहे हैं। हमने उन्हें नोटिस भेजा है। कोई सांसद, जो केंद्रीय मंत्री भी रह चुकी हैं, वह बिना किसी तथ्य के इतनी बड़े वर्ग के खिलाफ झूठ कैसे बोल सकता है।' पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के एक बयान पर इन दिनों विवाद हो रहा है। इस बयान में मेनका गांधी ने आरोप लगाया कि इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्सियसनेस (इस्कॉन) की गौशालाओं में कसाईयों को गायें बेची जाती हैं। गांधी ने कहा कि 'इस्कॉन ने गौशालाएं बनाकर उनसे खूब फायदा लिया है और इसके आधार पर सरकार से भी जमीन के रूप में बड़ा फायदा लिया है। इस्कॉन अपनी सभी गायों को कसाईयों को बेच रहा है और उनसे ज्यादा कोई ऐसा नहीं कर रहा है। मेनका गांधी जानवरों के अधिकारों के लिए लड़ती रही हैं।' मेनका गांधी के इस बयान पर इस्कॉन सोसाइटी ने कड़ी आपत्ति जताई और मेनका गांधी के आरोपों को खारिज किया था। इस्कॉन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि इस्कॉन गायों और बैलों की सुरक्षा का प्रहरी रहा है और ना सिर्फ भारत में बल्कि दुनियाभर में गायों की सेवा में समर्पित रहा है।

## आयुष्मान भारत योजना में यूपी कई श्रेणियों में नंबर वन, 4.77 करोड़ से अधिक हेल्थ अकाउंट बनाकर प्रथम



लखनऊ। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं। इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं।

## यशोधरा समेत कई मंत्रियों का टिकट कटेगा, अमित शाह के भोपाल दौरे का प्लान हुआ डिकोड

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने दूसरी सूची में चौंकाया। तीन मंत्रियों समेत सात सांसदों और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव लड़ाया। अब खबरें आ रही हैं कि खेल एवं युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने खराब स्वास्थ्य की वजह से चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। हालांकि, अंदरखाने खबर यह भी है कि यशोधरा ही नहीं शिवराज सिंह चौहान की टीम के कुछ और मंत्रियों के टिकट भी अधर में हैं। कुछ मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं और कुछ के खिलाफ उनके ही क्षेत्र में नाराजगी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक अक्टूबर को भोपाल आ रहे हैं। चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे। साथ ही वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात में उनका फोकस डैमेज कंट्रोल का रहने वाला है। अब तक पार्टी ने तीन विधायकों के टिकट काटे हैं। सीधी में केदारनाथ शुक्ला, नरसिंहपुर में जालम सिंह और मैहर से नारायण त्रिपाठी को टिकट नहीं दिया गया है। इनमें से शुक्ला और त्रिपाठी ने खुलकर पार्टी के फैसले का विरोध किया है। भाजपा ने जालम सिंह के भाई केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को उम्मीदवार बनाया है, इस वजह से उनकी प्रतिक्रिया जरूर संयत आई है। इसी तरह कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 से उम्मीदवार बनाया तो पहले उन्होंने हैरानी जताई। फिर उनके समर्थक उनके बेटे आकाश विजयवर्गीय का टिकट कटने की आशंका में भोपाल पहुंच गए। इन परिस्थितियों में भाजपा की




अगली सूची में जब 40% विधायकों के टिकट कटेंगे तो स्थिति और खराब हो सकती है। अमित शाह के दौरे का फोकस भी डैमेज कंट्रोल का ही रहेगा। वह स्पष्ट शब्दों में कहने वाले हैं कि विरोध को किसी भी हालत में उठने नहीं देना है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई मंत्रियों के टिकट कट सकते हैं। कुछ के खिलाफ क्षेत्र की जनता नाराज है। वहीं, कुछ ऐसे मंत्री भी हैं जिन पर भ्रष्टाचार समेत अन्य आरोप हैं। कुछ मंत्रियों के रिश्तेदार भी टिकट की दौड़ में हैं। एक परिवार एक टिकट के फॉमूर्ले के आधार पर मंत्रियों के टिकट काटकर उनके किसी रिश्तेदार को चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। पार्टी को डर सता रहा है कि यदि टिकट कटने के बाद ऐसे मंत्रियों या विधायकों को संतुष्ट नहीं किया गया तो बागी खेल बिगाड़ सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए शाह का एक अक्टूबर का दौरा अहम माना जा रहा है। कुछ दिन पहले कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामा था। चर्चा यह है कि उन्हें डर था कि यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी के बजाय उनकी सीट से टिकट मांग रही है। इस वजह से उन्होंने अपनी सीट बचाने के लिए पार्टी ही बदल ली। हालांकि, अब यशोधरा के चुनाव लड़ने पर संशय है। खराब स्वास्थ्य की वजह से उन्होंने चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई है। अब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भी शिवपुरी से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## कोटकपूरा गोलीकांडः सुखबीर बादल, पूर्व डीजीपी समेत पांच आरोपियों को राहत, हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

चंडीगढ़। 2015 के कोटकपूरा गोलीकांड केस में पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, पूर्व डीजीपी सुमेध सैनी, परमराज उमरानंगल, अमर सिंह चहल और सुखमंदर सिंह की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। अग्रिम जमानत देते समय हाईकोर्ट ने कुछ शर्तें रखी हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता गवाहों, पुलिस अधिकारियों या मामले के तथ्यों और परिस्थितियों से परिचित किसी अन्य व्यक्ति को पुलिस के सामने ऐसे तथ्यों का खुलासा करने से रोकने के लिए प्रभावित नहीं करेंगे, दबाव नहीं डालेंगे, धमकी नहीं देंगे। कोटकपूरा गोलीकांड में एडीजीपी एलके यादव की अगुवाई वाली एसआईटी ने 24 फरवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल, तत्कालीन डीजीपी सुमेध सिंह सैनी के अतिरिक्त पांच अन्य पुलिस अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। इसके बाद प्रकाश सिंह बादल व सुखबीर बादल ने नौ मार्च को जिला




अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। इन याचिकाओं पर ट्रायल कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जहां 5 बार मुख्यमंत्री रहे 95 वर्षीय प्रकाश सिंह बादल को वृद्धावस्था के चलते जमानत दे दी थी। ट्रायल कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सुखबीर बादल ने हाईकोर्ट की शरण ली थी।

## संपादकीय

### मणिपुर में सरकार हिंसा का राजनीतिक हल निकालने के बजाय बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही

मणिपुर में सशस्त्रबल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को अगले छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के फैसले से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि सरकार वहां व्याप्त हिंसा का राजनीतिक हल निकालने के बजाय बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही है। मणिपुर के मैतेई बहुल उन्नीस जिलों को छोड़ कर सभी पहाड़ी इलाकों में अफस्पा का अवधि विस्तार कर दिया गया है। इसके पीछे तर्क है कि वहां सक्रिय आतंकी समूहों के विरोध प्रदर्शनों आदि में घुस कर अशांति फैलाने का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों सशस्त्र बलों ने यह भी कहा था कि वहां के आतंकी समूह सशस्त्रबलों की वर्दी और वाहनों जैसे वाहन तैयार कर रहे हैं। कई हिंसक मामलों में चरमपंथियों के शामिल होने के पुख्ता सबूत भी हाथ लग चुके हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर अफस्पा को विस्तार दिया गया है। इस तरह सेना किसी को भी शक के आधार पर गिरफ्तार कर सकती है, किसी भी घर की तलाशी ले सकती और चेतावनी देकर गोली मार सकती है। माना जा रहा है कि इस सख्ती का दहशतगर्दों पर असर होगा और हिंसा की घटनाओं में कमी आएगी। मगर वहां के नागरिक समाज पर इसका कैसा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, शायद इसका आकलन नहीं किया गया है। कुछ महीने पहले तक केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों में लागू अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के पक्ष में थी। कुछ मौकों पर इसका श्रेय भी लेने का प्रयास किया गया। मगर अब जब मणिपुर में इसकी अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है, तो स्वाभाविक रूप से केंद्र और राज्य सरकार के इरादे पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल, इस कानून के लागू रहने से नागरिक समाज को हमेशा एक भय में जीवन गुजारना पड़ता है। कश्मीर में अफस्पा की वजह से मानवाधिकार उल्लंघन के अनेक गंभीर आरोप सामने आए थे। मणिपुर में भी सशस्त्रबलों की कार्रवाइयों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसलिए जहां भी अफस्पा लागू है, वहां के नागरिक इसे हटाने की मांग करते रहे हैं। इसे हटाने को लेकर इरोम चानू शर्मिला लंबे समय तक धरने पर बैठी रहीं। वहां की महिलाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया था। इसलिए जब केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली राजग की सरकार आई तो उसने चरणबद्ध तरीके से अफस्पा हटाने की घोषणा की। पूर्वोत्तर के कई हिस्सों से इसे हटाया भी गया। मगर मणिपुर के मामले में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर कदम वापस खींचने पड़े हैं। मणिपुर का मामला राजनीतिक है। अगर वहां की सरकार ने गंभीरता दिखाई होती और केंद्र ने उसे अपेक्षित सहयोग दिया और लगातार उस पर दबाव बनाए रखा होता तो इसका समाधान पहले ही हो गया होता। मगर इस घटनाक्रम में राज्य सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया दिखता रहा। केंद्र ने भी अपेक्षित कदम नहीं उठाए। इसका नतीजा यह हुआ कि मैतेई और कुकी समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर निगरानी समिति गठित करनी पड़ी। उसके बावजूद वहां रह-रह कर हिंसा भड़क उठती है। करीब पांच महीने होने आ रहे हैं, मगर पुलिस और सशस्त्रबलों की कड़ाई काम नहीं आ पा रही है। ऐसे में अफस्पा की अवधि बढ़ा देने से इसका हल निकाला जा सकेगा, दावा नहीं किया जा सकता। जब तक इस समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई देगी, तब तक स्थिति में किसी प्रकार के सुधार की गुंजाइश शायद ही बन पाए।

### बदल रही तस्वीर!



संगठन में इनके लगता ।
आ रही दरार ।।
फिर भी होगा देखना ।
कौन पहनता हार ।।
धीरे धीरे शायद ।
बदल रही तस्वीर ।।
खबर रही है उड़ ।
हैं सारे ही वीर ।।
हारते ना हिम्मत हैं ।
ना खुले बस पोल ।।
एक दूसरे को भले ।
रहें घुमाते गोल ।।
शानदार अंदाज है ।
पर अंदर कोहराम ।।
रुक रुक कर कभी कभी ।
है आता पैगाम ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# पितृपक्ष और श्राद्ध विधि करने का महत्व

हिंदू धर्म में बताए गए ईश्वर प्राप्ति के मूलभूत सिद्धांतों में से एक अर्थात 'देवऋण, ऋषि ऋण, पितृऋण और समाज ऋण यह चार ऋण चुकाने होते हैं। इसमें से पितृऋण चुकाने के लिए श्राद्ध विधि करना आवश्यक होता है । माता-पिता और निकट के संबंधियों की मृत्यु के बाद की यात्रा सुखमय और क्लेश रहित हो, उनको सद्गति मिले, इसके लिए यह संस्कार अर्थात 'श्राद्ध' किया जाता है। इस वर्ष पितृपक्ष 29 सितंबर से 14 अक्टूबर की अवधि में है । प्रत्येक वर्ष पितृपक्ष की कृष्ण पक्ष में महालय श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध विधि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण आचार है तथा वेद काल का भी आधार है । अवतारों ने भी श्राद्ध विधि की है, इसका उल्लेख भी मिलता है। श्राद्ध के मंत्रोंच्चारण में पितरों को गति देने वाली सूक्ष्म शक्ति समाविष्ट होती है ।


**श्राद्ध शब्द की व्युत्पत्ति और अर्थ :** श्राद्ध, शब्द से श्रद्धा यह शब्द निर्माण हुआ है । इस लोक को छोड़कर जाने वाले अपने स्वजनों ने हमारे लिए जो कुछ किया उसके लिए उनका ऋण चुकाना संभव नहीं है । उनके लिए पूर्ण श्रद्धा के साथ जो किया जाता है वह श्राद्ध है।

**श्राद्ध शब्द की व्याख्या :** ब्रह्म पुराण में श्राद्ध के संदर्भ में आगे दी हुई व्याख्या दी गई है ।

देश काले च पात्रे च श्रद्धया विधिना च यत ।
पितृ नुद्दिश्य विप्रेभ्यो दत्तं श्राद्धमुदाहृतम् ।।

**अर्थ :** देशकाल और योग्य स्थल में श्रद्धा और विधि से युक्त पितरों को उद्देशित कर ब्राह्मणों को जो दिया जाता है उसको श्राद्ध कहते हैं।

**श्राद्ध विधि का इतिहास :** श्राद्ध विधि की मूल कल्पना ब्रह्म देव के पुत्र अत्रि ऋषि की है । अत्रिऋषि ने निमी नामक अपने एक पुरुष वंशज को ब्रह्मदेव द्वारा बताई गई श्राद्ध विधि सुनाई । वह परम्परा आज भी चालू है । मनु ने पहली बार श्राद्ध क्रिया की, इसीलिए मनु को श्राद्ध देव कहते हैं । लक्ष्मण और सीता जी के साथ राम जब वनवास में गए और भरत से उनकी वनवास में भेंट हुई और उनको पिता के निधन की जानकारी मिली उसके पश्चात राम जी ने पिता का श्राद्ध किया ऐसा



उल्लेख रामायण में है। ऋग्वेद काल में समिधा और पिंड की अग्नि में आहुति देकर की हुई पितृ पूजा अर्थात अग्नौकरण, पिंड की तिल से शास्त्रोक्त की हुई पूजा अर्थात पिंड पूजा और ब्राह्मण भोज इस इतिहास क्रम से बनी हुई श्राद्ध की तीन अवस्थाएं हैं । सांप्रत काल में 'पार्वण' शब्द में यह तीनों अवस्थाएं एकत्रित हुई हैं । धर्मशास्त्र में यह श्राद्ध गृहस्थाश्रम के लोगों को कर्तव्य समझकर करना बताया है ।

**श्राद्ध करने का उद्देश्य :** पितृ लोक प्राप्त हुए पितरों को आगे के लोक में जाने के लिए गति मिले इसके लिए श्राद्ध विधि द्वारा उन्हें सहायता की जाती है । अपने कुल के जिन मृत व्यक्तियों को उनके अतृप्त वासना के कारण सद्गति प्राप्त नहीं होती अर्थात वे उच्च लोक में न जाकर निचले लोक में फंसे रहते हैं, उनकी इच्छा आकांक्षा इस श्राद्ध विधि के द्वारा पूर्ण करके उनको आगे की गति प्राप्त करवा देना श्राद्ध का उद्देश्य है ।

**पितृपक्ष में श्राद्ध करने का महत्व और पद्धति :** हिंदू धर्म में बताया हुआ यह व्रत, भाद्रपद प्रतिपदा से अमावस्या तक प्रतिदिन महालय श्राद्ध करना चाहिए, ऐसा शास्त्र वचन है। पितरों के लिए श्राद्ध न करने से उनकी इच्छा अतृप्त रहने के कारण कुटुंबियों को कष्ट होने की संभावना रहती है । श्राद्ध के कारण पितरों का रक्षण होता है । उनको सद्गति मिलती है और हमारा जीवन भी सुसह्यीय होता है । पितृपक्ष में एक दिन पितरों का श्राद्ध करने से वे वर्ष भर तृप्त रहते हैं । पितृपक्ष में श्राद्ध करना संभव न होने पर जिस तिथि को हमारे पिता की मृत्यु हुई हो उसी दिन इस पक्ष में सर्व पितरों को उद्देश्य कर महालय श्राद्ध करने की परंपरा है। योग्य तिथि पर भी महालय श्राद्ध करना संभव न हो तो आगे 'यावद्वृश्चिकदर्शनम् अर्थात सूर्यवृश्चिक राशि में जाने तक किसी भी योग्य तिथि को श्राद्ध किया जा सकता है।

**पितृपक्ष में दत्त का नाम स्मरण करने का महत्व :** दत्त देवता का नामजप करने से पूर्वजों को गति मिलने में और उनके कष्ट से रक्षण होने में सहायता होने से पितृ पक्ष में प्रतिदिन दत्त देवता का ज्यादा से ज्यादा नाम स्मरण करना चाहिए। पितृपक्ष में प्रतिदिन कम से कम 72 माला नामजप करने का प्रयत्न करना चाहिए । हमारे महान ऋषि मुनियों द्वारा हमें प्राप्त श्रद्धा रूपी अनमोल सांस्कृतिक सम्पदा को सुरक्षित रखने की सद्बुद्धि हम सभी को प्राप्त हो, सभी श्राद्ध विधि श्रद्धा से कर सकें और इस प्रकार पूर्वजों की और स्वयं की उन्नति हो, यही ईश्वर के चरणों में प्रार्थना है ।

**संदर्भ :** सनातन संस्था का ग्रंथ - श्राद्ध और श्राद्ध की कृति के पीछे का शास्त्र

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अन्तर्गत हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सदर में पेंटिंग प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन के साथ ही किशोरी एनीमिया से बचाव तथा बाल विवाह एवं बाल शोषण जैसे विषयों पर महिला कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही बच्चियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी दिया गया जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी के निदेर्शानुसार महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेहा राय द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा एवं बाल अधिकारों पर जागरूक किया एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों पर बालिकाओं को जानकारी दी, उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से पूर्व अवस्था में बालक बालिकाओं का विवाह किये जाने से न केवल उनका बचपन प्रभावित होता है, बल्कि पूरे देश के आगामी विकास में व्यवधान उत्पन्न होता है। क्योंकि आज की बालिका ही कल के भविष्य को जन्म देती है, बालविवाह बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बहुत बड़ा अभिशाप सिद्ध होता हैं। बालिकाओं के जीवन में शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि यदि हम शिक्षित होंगे तो हम शोषित नहीं हीं सकते हम अपने अधिकारों के लिए जागरूक हों तो कोई हमारे अधिकारों का हनन नहीं कर सकता। महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की समस्त योजनाओं के विषय में बताते हुए कहा कि विभाग द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बेटी के जन्म से लेकर स्नातक के पढ़ाई के लिए सरकार 15000 की धनराशि अलग अलग श्रेणियों में दी जाती है। जिला समन्वयक लक्ष्मी मौर्य द्वारा पात्र छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, जो भी पात्र छात्राएं जिन्होंने कक्षा प्रथम, कक्षा 6 व कक्षा 9 में प्रवेश लिया है। इस योजना में किसी भी जन सुविधा केंद्र पर जाकर आवेदन कराए। कक्षा प्रथम की छात्राओं को श्रेणी 3 में आवेदन कराना है। कक्षा 6 की छात्राओं को श्रेणी 4 में आवेदन कराना है तथा कक्षा 9 की छात्राओं को श्रेणी 5 में आवेदन कराना है। आवेदन कराते समय खाता संख्या कि अच्छे से जांच कर ले एवं आवेदन सही श्रेणी में ही कराएं अन्यथा आवेदन निरस्त हो जाता है।

## दलित महिला से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपित को मिली जमानत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। घर में घुसकर दलित महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई विशेष न्यायाधीश (एससी,एसटी एक्ट) रश्मि नंदा की अदालत ने नरायनपुर, चौबेपुर निवासी आरोपित धनपत यादव को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, सौरभ यादव व कृष्णा यादव इलू ने पक्ष रखा अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता ने 17 जून 2023 को चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी` आरोप था कि 9 जून 2023 को उसका पति व घर के सभी सदस्य काम के सिलसिले में बाहर गए थे और वह घर में अकेले मौजूद थी उसी दौरान नरायनपुर, चौबेपुर निवासी आरोपित धनपत यादव घर में घुस आया और उसे अकेला देखकर उसका हाथ पकड़ लिया और अर्धनग्न करके दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा जब वह अपनी इज्जत बचाने के लिए चिल्लाने लगी तो आरोपित धनपत यादव उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगा जिससे उसके सिर व दोनों आंखों में गंभीर चोटें आई और वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ी ` कुछ देर बाद होश में आने पर उसने देखा कि आरोपित धनपत यादव वहां से गायब हो गया था साथ ही भागते समय आरोपित दीवाल से टकराकर चोटिल भी हुआ था` अदालत ने पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपित को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

## मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत ग्राम सभा बबियाव को ब्लॉक में मिला प्रथम स्थान





प्रखर चोलापुर वाराणसी। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत ग्राम सभा बबियाव को ब्लॉक का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ हैं। इसके बाद गांव के लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है, ग्राम प्रधान को स्थानिक लोग बधाई दिये। इस उपलक्ष्य में चोलापुर ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, संयुक्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान को ग्राम सभा के समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। और उन लोगों द्वारा गांव के लोगों को ग्राम सभा के हो रहे कार्यों में सहयोग करने के लिए धन्यवाद भी दिया।

## स्वास्थ विभाग का सच, एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाने पर 50 से 100 रुपए की वसूली



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रदेश सरकार और स्वास्थ विभाग द्वारा आम जनता को निःशुल्क सेवा देने का दावा किया जाता है लेकिन गाजीपुर में यह दावा महज थोथा साबित हो रहा है। जिले में इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की पोल खुलती नजर आ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने के एवज में 50 से 100 तक की वसूली की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी का है जहां के चीफ फार्मासिस्ट सूर्यभान यादव द्वारा एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने के लिए धन वसूली की जा रही है वीडियो में मैरिज द्वारा इंजेक्शन लगवाने के बाद चीफ फार्मासिस्ट को रुपया देते हुए दिखाया गया है जिसे लेकर फार्मासिस्ट अपनी जेब में रख लेते हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी के अधीक्षक धर्मेंद्र से पूछताछ की गई तब उन्होंने इसे पुराना वीडियो बताया लेकिन किसी भी तरह की कोई कार्यवाही करने से साफ मना कर दिया। इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी देश दीपक पाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह वीडियो उनके भी संज्ञान में आया है। जिसको लेकर जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है जिसमें एसीएमओ स्तर के अधिकारी भी शामिल है जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे उसके अनुसार चीफ फार्मासिस्ट पर कार्यवाही की जाएगी।

## स्वास्थ विभाग तथा फार्मासिस्ट की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ सीएमओ ने दी तहरीर



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वास्थ विभाग और फार्मासिस्ट ड्रग वेयरहाउस के खिलाफ बीते दिनों कूट रचित एवं भ्रामक पोस्ट लगाकर छवि धूमिल किए जाने के मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने का पत्र पुलिस अधीक्षक को सौपा गया। फार्मासिस्ट ड्रग वेयरहाउस मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बुद्धिलाल ने बताया कि 22 सितंबर की रात करीब 10 बजे अश्वनी यादव निवासी मोहनपुरवा एवं अन्य पांच लोग उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से भ्रामक पोस्ट छपवाकर सीएमओ कार्यालय, सीएमओ निवास, जिला चिकित्सालय , विकास भवन सहित कई अन्य जगहों पर लगाया गया। रात्रि लगभग 1 बजे उनके आवास पर जाकर उनको एवं उनकी पत्नी को गालियां भी दी गई। जिसको लेकर 23 सितंबर को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौपा गया। इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने के संबंध में पत्र एसपी गाजीपुर को लिखा है। पत्र सौपने वालों में ओंकार नाथ पांडेय अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ,रमेश राम मंत्री डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन,मनोज यादव अध्यक्ष वाहन चालक , अनिल चौबे ,राघवेंद्र सिंह व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पोखरे की रखवाली कर रहे अधेड़ पर ताबड़तोड़ फायरिंग, गम्भीर

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में शुक्रवार की सुबह तीन संख्या में आये बदमाशों ने पोखरे की रखवाली कर रहे एक अधेड़ पर ताबड़तोड़ फायर झोंक दिया । आननफानन में स्वजनों ने पीएचसी सोंधी ले गए जहाँ डॉक्टरों ने सदर अस्पताल स्थानन्तरित कर दिया । घटना को लेकर प्रधान प्रतिनिधि से पुरानी रंजिश बताई जा रही है । सूचना पर पहुँचे सीओ शाहगंज शुभम तोदी भारी पुलिस बल के साथ तफ़्तीश में जुट गए । परिजनों की तहरीर पर एक अज्ञात समेत चार लोगों को नामजद किया गया है । मझौरा गांव निवासी 47 वर्षीय रुस्तम उर्फ अबूजर पुत्र अबूशाद मछली पालन किए हैं। पोखरे पर बने कमरे में सोए थे। प्रातः करीब पांच बजे दरवाजा खोलकर जैसे बाहर निकले पहले से खड़े बदमाशों ने रुस्तम पर फायर झोंक दी। उन्हें कुल पांच गोलियां लगी है। गोली लगते ही वह वहीं गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर जब तक परिजन और ग्रामीण पहुंचते बदमाश वहां से भाग लिए। परिजनों ने सोंधी पीएचसी के बाद उन्हें जिला अस्पताल



लेकर गए। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। चर्चा है कि गांव में विकास कार्यों को लेकर रुस्तम ने सरकारी पोर्टल पर ग्राम प्रधान की शिकायत की थी। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। गोली से घायल के भाई जावेद अहमद की तहरीर पर हत्या का प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकी का एफआईआर दर्ज हुई है । जिसमें अफरोज उर्फ बब्लू उर्फ वसीम अहमद पुत्र हकीमुद्दीन, मो आरिफ पुत्र निजामुद्दीन, यासिर पुत्र स्मसाद समेत एक अज्ञात को नामजद किया गया है । एसओ चंदन रॉय ने बताया कि कई बिन्दुओ पर जाँच की जा रही है । आरोपितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । सुरक्षा को देखते हुए वहां पुलिस बल तैनात किया गया है ।

## गांधी जयंती के अवसर पर आईजीएल नगर निगम के सफाई कर्मियों को करेगा सम्मानित




प्रखर गीडा,गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में आईजीएल द्वारा प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान में आईजीएल द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छता अभियान चलाया जाता है और इसी क्रम में रेलवे स्टेशन से टाउन हाल तक रैली निकाली जाती है तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद रवि किशन जी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ल,महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव है। अति विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की कार्यक्रम सुबह ६बजे प्रभात फेरी होगी और प्रभात फेरी में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र एवं छात्राएं शामिल होगी और इनके साथ ही नगरवासी भी शामिल होगे।तथा सम्मान समारोह १२बजे तक चलेगा उक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## हंसराजपूर तथा करंडा में जनसंपर्क कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन पखवाड़ा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म दिवस पखवाड़ा अंतर्गत आज शुक्रवार को जखनियां विधानसभा के मनिहारी, सुरहुरपुर, बरहट और सराय गोकुल के दलित बस्तियों में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने जनसंपर्क करते हुए बस्ती में स्थापित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के सबसे कमजोर गरीब एवं असहाय निर्बल लोगों के सम्मान जनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच एवं सपना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण एवं उनके भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो, इस सोच और सपने को भारतीय जनता पार्टी सरकार ने साकार किया है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ओंकार सिंह, अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री पंकज सिन्हा, प्रदीप सिंह एवं चंद्रकांत सिंह आदि उपस्थित रहे। वही भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री जितेन्द्र सोनकर एवं जिला अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में करंडा के धरम्मरपुर, सैदपुर नगर पंचायत के तरवनिया, शेखपुर और हमीद नगर के अनुसूचित जाति बस्तियों मे जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से अवगत कराया तथा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता एवं माल्यार्पण किया।

# शासन के निर्देशानुसार 102 और 108 एंबुलेंस की औचक जांच शुरू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आम जन को स्वास्थ्य सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराने के उद्देश से यूपी सरकार के द्वारा चलाई गई 102 और 108 एंबुलेंस का औचक निरिक्षण 28 सितंबर से 30 सितंबर तक की जाने का शासन का निर्देश है। जिसके क्रम में सदर ब्लॉक प्रभारी दीपक राय के द्वारा शुक्रवार को कई एंबुलेंस का निरीक्षण व जांच किया गया। इस दौरान एंबुलेंस के अंदर रखे गए सभी उपकरण एवं रजिस्टर की जांच की गई जो सही पाए गए। सदर ब्लॉक प्रभारी दीपक राय ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में 102 और 108 एंबुलेंस जो आम जन की सुविधा के लिए चल रहे हैं। इस एंबुलेंस के अंदर रखे गए उपकरण और रजिस्टर कितना कारगर है इसका सत्यापन करने का निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में उन्होंने आज उनके द्वारा कई एंबुलेंस का



निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस के अंदर रखे हुए उपकरण और रजिस्टर सही पाए गए। उन्होंने बताया कि जनपद में 102 एंबुलेंस की संख्या 42 और 108 एंबुलेंस की संख्या 37 है। जिसमें से अब तक 45 एंबुलेंस का निरीक्षण संपन्न हो चुका है। इस अवसर पर सभी जिला प्रभारी एवं कार्यक्रम प्रबंधक मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर महिला तथा पुरुष की दौड़ प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम में सुबह 8 बजे से

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय पर्व महात्मा गॉधी जयन्ती 02 अक्टूबर, 2023 के अवसर पर खेल निदेषालय उ0प्र0 लखनऊ से निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिला खेल कार्यालय नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजीपुर के तत्वावधान में प्रातः 8 बजे से बालक वर्ग की 3000 मीटर दौड़ तथा बालिकाओं की 1500 मीटर की दौड़ नेहरू स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के ग्राउण्ड में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में आयु प्रतिबन्धित नहीं है कोई भी महिला या पुरूष खिलाड़ी इस दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले सकता हैं। इच्छुक खिलाड़ी प्रतियोगिता आरम्भ होने से पूर्व उपस्थित होकर निःशुल्क प्रविष्टि प्राप्त कर सकते है।

## आदित्य विजन के 127वें स्टोर का बलिया, उत्तर प्रदेश में भव्य शुभारंभ

प्रखर वाराणसी। आदित्य विजन के 127वें नये शोरूम का उद्घाटन ब्लॉक नं०-8, वार्ड नं0-17, मालगोदाम रोड, एल.आई.सी. ऑफिस के नजदीक, बलिया, उत्तर प्रदेश में हुआ। आदित्य विजन उपभोक्ता उपकरणों के लिए बिहार का एक विश्वसनीय और अपने बेहतरीन सर्विस तथा शानदार ऑफर्स के लिए जाना हुआ नाम है। आदित्य विजन ने अपना पहला शोरूम 1999 में पटना के तारामण्डल के सामने शुरू किया, उसके बाद यह कारवां आज 2023 में अपने 127वें शोरूमों के साथ खड़ा है। आदित्य विजन के निदेशक निशांत प्रभाकर ने बताया कि आदित्य विजन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) में बिहार का सबसे पहला सूचीबद्ध इलेक्ट्रॉनिक रिटेल चेन है। आदित्य विजन अपने सालाना पुरस्कार ऑफर बाई एंड विन के तहत विगत 14 सालों से ग्राहकों के बीच करोड़ों के पुरस्कार का वितरण कर चुकी है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी खरीदें और जीतें मेगा पुरस्कार योजना के अंतर्गत 12 करोड़ का ईनाम दिया जा रहा है। यह पुरस्कार योजना इस वर्ष 2023 तक ( 1 जनवरी से 30 दिसम्बर 2023 ) के लिए किया गया है जिसमें 'खरीदें और जीतें- 2023 में मेगा पुरस्कार में बिहार, झारखंड एवं वाराणसी में एक-एक अपना सपनों का घर जीतने का मौका' के साथ प्रथम



पुरस्कार के रूप में 151 कार तथा द्वितीय पुरस्कार में 1001 मोटर बाईक रखे गये हैं। इस मेगा ड्रॉ में भाग लेने के लिए ग्राहक को 10,000 रुपए की खरीदारी पर एक कूपन दिया जायेगा जिससे वे इस बाई एंड विन पुरस्कार योजना में भाग लेने के अधिकारी होगें। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी आदित्य विजन के शोरूम से संपर्क कर सकते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रशासन ने कभी सिर पर बैठाया था, अब जमीन भी छीनने की कोशिश

### ऑस्कर विजेता स्माइल पिंकी फेम लड़की को बेघर करने की तैयारी में जुटा वन विभाग

प्रखर अहरौरा/मिजार्पुर। ऑस्कर विजेता वृत्तचित्र स्माइल पिंकी की किरदार पिंकी के सामने अब रहने की समस्या आने वाली है। प्रशासन ने जिस जमीन पर उसका घर बनवाकर उसे बसाया था, उस जमीन को वन विभाग



अपना बता रहा है। एक नोटिस भेजकर इस जमीन के बारे में 26 सितंबर तक जवाब मांगा था। चेतावनी दी थी कि नियत समय में संतोषजनक जवाब न आने पर उसे बेदखल कर दिया जाएगा। वन विभाग द्वारा तय तारीख समाप्त होने के बाद अब उसे घर गिराए जाने का डर सता रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्रा द्वारा 21 सितंबर को 28 कब्जा धारकों को आरोप पत्र नोटिस भेज कर 26 सितंबर तक जवाब मांगा गया है, जिसकी समय सीमा समाप्त हो गई है। वन विभाग की इस कार्रवाई से छोटी खोरिया इलाके में बेदखली की कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु एवं जी0बी0सी0 की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रखर मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथु कुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु एवं जी0बी0सी0 की समीक्षा आहूत की गयी। बैठक में भदोही नगर के जल निकासी पर चर्चा के उपरान्त मण्डलायुक्त ने परियोजना प्रबन्धक जल निगम, वाराणसी को समय से कार्य पूर्ण तथा डी0पी0आर0 में अग्रिम कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया। अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड पी0डब्लू0डी0 वाराणसी द्वारा कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया तथा प्रकरण को जिलाधिकारी को जिला उद्योग बन्धु के माध्यम से मानीटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। चुनार से तीन कि0मी0 आगे लगभग 10 इकाईयों को जोड़ने वाले मार्ग के जर्जर स्थित के संदर्भ में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रकरण को जिलास्तरीय उद्योग बन्धु के माध्यम से निस्तारित कराया जा रहा है। मण्डल के तीनो जिलो में विभागीय योजनाओं जैसे पी0एम0ई0जी0पी0, एम0वाई0एस0वाई0, ओ0डी0ओ0पी0 एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं की समीक्षा के उपरान्त लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डल के तीनों एल0डी0एम0 एवं तीनो उपायुक्त उद्योग से स्पष्टीकरण तलब करने हेतु निर्देशित किया। आनलाईन निवेश मित्र पोर्टल पर चर्चा के दौरान जनपद मीरजापुर एवं सोनभद्र में फिल्म बन्धु की एक मामले पर चर्चा के दौरान मंडलायुक्त द्वारा मीरजापुर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को नोट करान हेतु निदेशित किया तथा 10 दिनों के अन्दर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अन्य विन्दु की चर्चा के दौरान विन्ध्य विकास प्राधिकरण द्वारा एक प्रकरण में मैप स्वीकृति के विलम्ब असंतोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि तत्काल निस्तारण कराये। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर श्री वीरेन्द्र कुमार तथा मण्डल के तीनो उपायुक्त उद्योग, अधिकारीगण तथा अमरेश पाण्डेय उपस्थित थे।

## स्कूल का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात एमडीएम कक्ष का ताला तोड़कर चोरों ने गैस सिलेंडर समेत खाद्यान्न चुरा ले गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुँवर पंकज सिंह ने बताया कि शुक्ल को सुबह जब रसोईघर में रसोइया पहुची तो ताला टूटा मिला। जब अंदर जाकर देखा तो उसमें रखा एक गैस सिलेंडर व एक बोरी चावल चुरा ले गए। घटना की सूचना पर पहुची पीआरवी ने घटना का निरीक्षण कर लौट गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसके पूर्व भी 8 मई को किचेन का ताला तोड़कर उसमे रखे खाद्यान्न के साथ दो गैस सिलेंडर चुरा ले गए थे। प्राथमिक दर्ज होने व पुलिस की निष्क्रियता से चोरों व अराजक तत्वों का स्कूल में बन्द होने के बाद जमावड़ा लगा रहता है।

## मोजाम्बिक रेलवे के चार सदस्यी प्रतिनिधिमंडल का बरेका दौरा



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मेसर्स राइट्स के अधिकारियों के साथ मोजाम्बिक रेलवे के प्रतिनिधिमंडल ने बनारस रेल इंजन कारखाना में उपलब्ध निर्माण सुविधाओं को देखने के लिए 29 सितम्बर शुक्रवार को बरेका का दौरा किया` मोजाम्बिक के चार सदस्यी प्रतिनिधिमंडल में कार्लोस स्मेल मैम्बो, एक्वीसटल हेजी इब्रैमो, मिलिऑन फेनिज कुना चेंजला एवं इनेसिओ फ्लोर कुम्बाला सम्मिलित थे सर्वप्रथम मुख्य यांत्रिक इंजीनियर उत्पादन एवं विपणन सुनील कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तदोपरांत प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के.श्रीवास्तव के साथ बैठक हुई बैठक के दौरान, बरेका की क्षमताओं और जिम्बाब्वे के प्रतिनिधिमंडल को निर्यात किए गए लोको के विवरण से अवगत कराया गया` प्रतिनिधिमंडल ने बरेका कार्यशाला की विभिन्न शॉपों जैसे न्यू ब्लॉक शॉप, इंजन टेस्ट शॉप, लोको असेंबली शॉप आदि का दौरा किया कारखाना भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल को लोकोमोटिव निर्माण के विभिन्न चरणों से अवगत कराया गया` प्रतिनिधिमंडल को बरेका में उपलब्ध अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं को भी दिखाया गया प्रतिनिधिमंडल बरेका में उपलब्ध डिजाइन क्षमताओं और निर्माण सुविधाओं से काफी प्रभावित दिखे।

## सरकार की आर्थिक नीतियां जन विरोधी है : अमेरिका सिंह यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लॉक कमेटी देवकली की बैठक नंदगंज स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इसे सम्बोधित करते हुए पार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा कि सरकार की आर्थिक नीतियाँ जनविरोधी एवं कपोर्रेट परस्त है। महंगाई,बेरोजगारी,भ्रष्टाचार चरम पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य की स्थिति दयनीय है।इन सबको नियंत्रित कर देशवासियो को बेहतर व्यवस्था देना सरकार का काम है।परन्तु ऐसा नहीं हो रहा है।उलटे संप्रदायिकता, जातिवाद, मजहब के नाम पर ध्रुवीकरण कर वोट की राजनीति की जारही है।संविधान,लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। आनन फानन में महिला आरक्षण विधेयक पास किया गया।परन्तु लागु करने की शर्तो ने अधर में लटका दिया। इस समय देश, संविधान, लोकतंत्र,जनता को बचाने का प्रमुख कार्य है। इसीलिए इंडिया गठबंधन को मजबूत कर 2024 में वर्तमान सत्ता को बेदखल करना होगा।इस परिप्रेक्ष्य में संगठन को मजबूत करके व्यापक प्रचार प्रसार करना समय की मांग है। बैठक में ब्लॉक मंत्री बच्चेलाल यादव ने कार्यात्मक संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत किया।जिस पर गंभीर मंथन के बाद संगठन को धारदार करने,11 अक्टूबर को वाम दलो की लखनऊ में होने वाली रैली को सफल बनाने का निर्णय हुआ।

## एनडीआरएफ वाराणसी में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी द्वारा सार्थक प्रयास जारी हैं इसी क्रम में वाहिनी में 14 सितम्बर से 29



सितम्बर के बीच हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, श्रुति लेखन एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय वाराणसी और इसके सभी क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्रों लखनऊ, गोरखपुर और भोपाल में हिंदी भाषा में कार्य करने हेतु एनडीआरएफ महानिदेशक द्वारा जारी अपील को पढ़कर सुनाया गया इसमें सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों ने प्रतिभाग किया। मनोज कुमार शर्मा उप माहनिरीक्षक के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया उन्होनें प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले जवानों को बधाई दी तथा सभी कर्मचारियों को कार्यालयों के कामकाज को हिंदी में करने के लिए प्रेरित व निर्देशित किया। उन्होनें बताया की एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है हमें न केवल आधिकारिक कामकाज में बल्कि हमारी नियमित बोलचाल में भी हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए अपने स्तर पर सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह से फिर होगी जिरह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बहुचर्चित नदेसर गोली कांड में वादी मुकदमा पूर्व सांसद धनंजय सिंह से फिर जिरह की कार्यवाही होगी यह आदेश विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने इस मामले में आरोपित संदीप सिंह उर्फ पप्पू की ओर से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 311 के तहत दिए गए आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया। नदेसर गोली कांड मामले में आरोपित संदीप सिंह उर्फ पप्पू ने अपने अधिवक्ता अनुज यादव व बृजपाल सिंह यादव के जरिए अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा था कि उक्त घटना में उसे आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित कर दिया था जिसका विचारण न्यायालय में चल रहा है और



मुकदमे में साक्ष्य की कार्यवाही होनी है जबकि इस मामले में अभियोजन की कमियों को छिपाने व मुकदमे को तरतीब देने के लिए उसकी ओर से अदालत में धारा 311 के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर अभियोजन पक्ष की ओर मनगढ़ंत आधार पर आपत्ति की गई जबकि जिस समय की घटना दिखाया गया है उस समय वह उसके ऊपर हुए जानलेवा हमले के चलते अस्पताल में भर्ती था और उसका उपचार चल रहा था और उस समय विवेचक ने उसका बयान अस्पताल में जाकर लिया था साथ ही यह भी कहा गया है इस मामले में धनंजय सिंह से जिरह किया जाना आवश्यक है ऐसे में उसके प्रार्थना पत्र पर इस मामले के वादी और अहम गवाह धनंजय सिंह को कोर्ट में तलब कर उनसे जिरह करने की अनुमति प्रदान की जाय अदालत ने संदीप सिंह के धारा 311 के तहत दिए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए उसे मंजूर कर लिया और इस मामले में 6 अक्टूबर को पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जिरह की कार्यवाही के लिए कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

## बिरनो थानाध्यक्ष ने दिखाई वर्दी का रौब, ग्रामप्रधान से की मारपीट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकास खण्ड-बिरनों के ग्राम पंचायत चकताजुद्दीन के ग्राम प्रधान सुरेश सिंह यादव किसी मामले को लेकर गुरुवार को शाम लगभग 6 बजे थानाध्यक्ष बिरनो से थाने परिसर में ही मिलकर किसी समस्या पर बात विचार कर रहे थे तब तक अपने पुलिसिया रुआब को दिखाते हुए थानाध्यक्ष बिरनो द्वारा थाना परिसर में ही ग्राम प्रधान सुरेश यादव को दौड़ा कर मारने



लगे व भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए थाने परिसर से भगा दिया और चिल्ला कर गालियां देते हुए कहने लगे कि जल्दी से जल्दी थाने से भाग जाओ नही तो इतना मुकदमा लाद दूंगा कि तुम्हारा जीवन बर्बाद हो जायेगा। घटना के तुरन्त बाद प्रधानसंघ के सभी लोग थाने पर पहुँचे तो क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने बताया कि वर्तमान थानाध्यक्ष का ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के साथ इनका व्यवहार ठीक नही रहता है। आये दिन ग्राम प्रधानों को यह प्रताड़ित करते रहते है, लेहाजा ऐसे थानाध्यक्ष के ऊपर कठोर कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है । इस मामले में ग्राम प्रधान संघ ने उप जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक शहर को पत्रक देते हुए थानाध्यक्ष बिरनो को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की है। प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 24 घण्टे के अंदर अगर थानाध्यक्ष बिरनों के ऊपर कठोर कार्यवाही नही की जाती है तो ग्राम प्रधान संगठन जनपद में एक वडा आन्दोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## सहजनवां में अहीर रेजिमेंट जन जागृति महासम्मेलन कल

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। अहीर रेजिमेंट जन जागृति महासम्मेलन का आयोजन कल दिनांक 30/09/23 को सहजनवा के पटखौली स्थित ओजस्वी मैरेज हॉल में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अहीर रेजिमेंट के संरक्षण एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आई.आर.ओ गगन यादव उपस्थित रहेंगे वह सिद्धार्थनगर में एक कार्यक्रम में उपस्थित होने के पश्चात सहजनवां में लगभग 4 बजे शाम तक पहुंचेगे सहजनवां प्रथम आगमन पर पहुंचने पर यहां उनका स्वागत किया जायेगा जिससे बाद गगन यादव भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की गठन को लेकर उठी आवाज को प्रबल करने के लिए जोर देंगे उक्त कार्यक्रम की जानकारी अहीर रेजिमेंट के सक्रिय सदस्य प्रदीप यादव दूरसंचार के माध्यम से दी है।

## विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर किया रोष प्रकट

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण के समस्त संवर्ग के कर्मचारियों का घोर उत्पीड़न शोषण किए जाने के विरुद्ध 29 सितम्बर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर संघ, वाराणसी कर्मचारी संघ वाराणसी विकास



प्राधिकरण एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कला फीता बांधकर रोष प्रकट करते हुए कार्य संपादित किया गया और निर्णय लिया गया कि यदि उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्रकरण द्वारा संघ द्वारा दिए गए पांच सूत्री ज्ञापन का निराकरण नहीं किया जाता है तो आंदोलन की प्रक्रिया को और धार दिया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण की होगी पूर्व में उपरोक्त के क्रम में उपाध्यक्ष को पांच सूत्री मांग पत्र प्रेषित किया गया था जिसपर कोई सकारात्मक निर्णय न लिए जाने के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त आंदोलन का समर्थन जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ परिषद शशिकान्त श्रीवास्तव द्वारा किया गया वह इस संबंध में मंडलायुक्त एवं उपाध्यक्ष को उनके द्वारा पत्र भी प्रेषित किया गया है कि तत्काल समस्याओं का निराकरण करें अन्यथा की स्थिति में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा भी आंदोलन में प्रतिभाग किया जाएगा आंदोलन में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश वाराणसी विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवं महासचिव पी एन दुबे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिंन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राज किशोर सिंह, महामंत्री कैलाशनाथ सिंह यादव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुल्क भाजपा की नीतियों और सांप्रदायिक सोच से खतरे में है : शोभा सिंह यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव शोभा सिंह यादव का स्वागत समारोह जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित हुआ। इस समारोह में सभी कार्यकताओं ने नवमनोनीत प्रदेश सचिव शोभा सिंह यादव का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।अपने स्वागत से अभिभूत कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नवमनोनीत प्रदेश सचिव शोभा सिंह यादव ने कहा कि मुल्क आज भाजपा सरकार की तानाशाही नीतियों और साम्प्रदायिक सोच के चलते खतरे में है। लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते देशवासी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। भाजपा सरकार का यह तानाशाही



रवैया लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती लेकिन भाजपा को यह गलतफहमी हो गयी है कि वह हमेशा सत्ता में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के सवाल हल न कर केवल विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में अंधी हो चुकी भाजपा सरकार जनता के मुंह के निवाले और हाथ से काम छिन रही हैं ।भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अन्याय चरम सीमा पर है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में हो रहा है। पुलिस हिरासत में मौतें सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी, महिला सभी परेशान हैं। मंहगाई, बेरोजगारी बेलगाम है। स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी कोई भी कुबार्नी देने के लिए हमेशा तैयार है। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा आज संघर्ष का दौर है। गले में पड़ रही माला हमें सम्मानित तो करती ही है लेकिन इसके साथ साथ जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी एहसास दिलाती है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष का दौर है। इस देश की जनता जब लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था के चलते त्राहि-त्राहि कर रही है ऐसे दौर में हमें जनता के हक और हकूक और उसके सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष के मैदान में कूदना पड़ेगा । उन्होंने भाजपा सरकार की नापाक साजिशों और फितरतों से सावधान रहने की हिदायत देते हुए कहा कि आज रोजगार न मिलने और लगातार मंहगी होती शिक्षा से छात्र और नौजवान अथाह पीड़ा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी देना ही नहीं चाहती। छात्र और नौजवान अपनी बढ़ती उम्र और रोजगार न मिलने की दशा में बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जिस देश का किसान और नौजवान दुखी और निराश होगा? वह देश कभी खुशहाल नहीं हो सकता। उन्होंने सभी? किसानों और नौजवानो से भाजपा सरकार के खिलाफ लामबंद होने का आह्वान किया और कहा कि देश हित में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है । इस समारोह में मुख्य रूप से रामधारी यादव,अशोक कुमार बिंद, रामवचन यादव, मारकन्डेय यादव, भगवान यादव,सदानंद यादव , जमुना? यादव,अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, राजेंद्र यादव, रामज्ञान यादव, रामाशीष यादव, हरवंश यादव, चन्द्रिका यादव, विजय शंकर यादव, गुड्डू यादव, नन्दलाल आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राजेश यादव ने किया।

## पत्रकार को पितृशोक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वरिष्ठ पत्रकार बृज बिहारी पाण्डेय के पिता ओम प्रकाश पाण्डेय का गत 26 सितम्बर को निधन हो गया। वह 76 साल के अवकाश प्राप्त शिक्षक थे। वह अपने पीछे पत्नी दमयंती पाण्डेय, दो पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार 27 सितम्बर को मुहम्मदाबाद के सुल्तानपुर श्मशान घाट पर किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक, पत्रकार, व्यवसाई तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लेकिन कुछ कारणों से बढ़ी है जानकारों की चिंता

- अक्सर, विकलांग लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर लिफ्ट के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों पर निर्भर रहना पड़ता है या टैक्सियों पर अपने सीमित बजट का बहुत अधिक हिस्सा खर्च करना पड़ता है
- चालक रहित कारें घर-घर परिवहन प्रदान कर सकती हैं और ये कारें संभवतः स्वयं पार्क करने में सक्षम होंगी। वे यात्रियों को यात्रा के दौरान पढ़ने, टीवी देखने, वीडियो गेम खेलने या आराम से सोने का अवसर प्रदान करेंगी
- चालक रहित कारें विकलांग व्यक्तियों को स्वतंत्र रूप से, जब चाहें और जहां भी चाहें, यात्रा करने में सक्षम बनाएंगी



# चालक रहित कारें
## विकलांगों के लिए एक क्रांति

**किंग्स्टन (यूके) (द कन्वरसेशन)।** आप चाहें या न चाहें, निकट भविष्य में हमारी सड़कों पर ड्राइवर रहित कारें दिखाई देने लगेंगी। सिद्धांत रूप में, पूरी तरह से स्वायत्त चालक रहित वाहन विकलांग लोगों को भारी लाभ प्रदान करेंगे। अक्सर, विकलांग लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर लिफ्ट के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों पर निर्भर रहना पड़ता है या टैक्सियों पर अपने सीमित बजट का बहुत अधिक हिस्सा खर्च करना पड़ता है।

ये सभी मुद्दे विकलांग व्यक्ति के खरीदारी करने, काम पर जाने, चिकित्सा कारणों से बाहर जाने, मेलजोल बढाने या मनोरंजन स्थलों पर जाने के अधिकारों में हस्तक्षेप करते हैं। इसके अलावा, कुछ विकलांग लोगों को अनुकूलित वाहनों में भी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है - उदाहरण के लिए, कुछ दृश्य विकार, हानि की डिग्री के आधार पर, इस श्रेणी में आ सकते हैं। बेशक, ड्राइवर रहित कारों के आगमन के साथ यह बदल सकता है, जिसका उपयोग कोई भी अपनी चिकित्सीय स्थिति की परवाह किए बिना कर सकता है।

यूके में हजारों व्यक्तियों में ऐसी विकलांगताएं हैं जो उनकी गाड़ी चलाने की क्षमता में बाधा डालती हैं। चालक रहित कारें घर-घर परिवहन प्रदान कर सकती हैं और ये कारें संभवतः स्वयं पार्क करने में सक्षम होंगी। वे यात्रियों को यात्रा के दौरान पढ़ने, टीवी देखने, वीडियो गेम खेलने या आराम से सोने का अवसर प्रदान करेंगी।



**स्वतंत्रता प्राप्त करना**

विकलांग व्यक्ति को असहयोगी सार्वजनिक परिवहन कर्मचारियों या गैर-विकलांग साथी यात्रियों से भेदभाव के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। चालक रहित कारें विकलांग व्यक्तियों को स्वतंत्र रूप से, जब चाहें और जहां भी चाहें, यात्रा करने में सक्षम बनाएंगी। पिछले कुछ वर्षों में, हमने इस बात पर कई अध्ययन पूरे किए हैं कि यूके में विभिन्न प्रकार की विकलांगता जैसे गतिशीलता, दृश्य या बौद्धिक विकलांगता वाले लोग ड्राइवर रहित कारों के बारे में क्या सोचते हैं। इन अध्ययनों में इस बात पर भी ध्यान दिया गया है कि ऐसे कौन से कारक हैं, जिन्हें लेकर विकलांग व्यक्ति इस तरह की कारों के इस्तेमाल से झिझक सकते हैं। हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि विकलांगता के तीनों रूपों पर समान कारक लागू होते प्रतीत होते हैं। चालक रहित कारों के संबंध में विकलांग लोगों द्वारा बताई गई चिंताओं में आमतौर पर सुरक्षा, चालक रहित कार की तकनीकी जटिलताओं को समझने में सक्षम नहीं होना और वाहन पर चढ़ने और बाहर निकलने में सक्षम नहीं होना शामिल है - जिसमें क्षतिग्रस्त कार से निकलने में सक्षम नहीं होना भी शामिल है।

**पूर्व ज्ञान- स्वायत्त वाहनों के प्रति दृष्टिकोण का एक और प्रमुख निर्धारक जो हमारे अध्ययनों से उभर रहा है वह यह है कि क्या कोई व्यक्ति 'सामान्यीकृत चिंता' से ग्रस्त है। यह एक ऐसी स्थिति है जो तब घटित होती है जब कोई व्यक्ति एक विशिष्ट घटना के बजाय विभिन्न स्थितियों और मुद्दों के बारे में लगातार चिंतित महसूस करता है। विकलांग लोगों को सामान्यीकृत चिंता के प्रति संवेदनशील माना जाता है और इस प्रकार उन्हें अपनी चिंताओं को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है।**

# उत्सर्जन का शुद्ध शून्य लक्ष्य अभी बरकरार

**लंदन (द कन्वरसेशन)।** वैश्विक स्तर पर, जिस दर से लोग सौर पैनल लगा रहे हैं और इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं, वह ठीक वैसा ही है जिसे विशेषज्ञों ने 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लिए आवश्यक बताया है। यह विचार फातिह बिरोल के हैं। यह वह अर्थशास्त्री हैं जो विश्व की ऊर्जा निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और निवेश में 'आश्चर्यजनक' वृद्धि के कारण, वैश्विक तापन को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने की संभावना बरकरार है। लीबिया, ग्रीस और कनाडा में गर्मियों में अद्वितीय जलवायु आपदाओं के बाद, क्या डर को आशावाद में बदलना चाहिए? ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के साथ मानवता की प्रगति पर हालिया अपडेट में, आईईए ने निष्कर्ष निकाला कि 2030 तक: जीवाश्म ईंधन की मांग में 25 फीसद की गिरावट होनी चाहिए

- **घरों, वाहनों और अन्य उपकरणों की ऊर्जा दक्षता दोगुनी होनी चाहिए**
- **तेल और गैस क्षेत्र से मीथेन उत्सर्जन में 75 फीसद की कमी होनी चाहिए**

रिपोर्ट मानती है कि वार्मिंग के भयावह स्तर से बचने के लिए इस दशक के अंत तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने और तीव्र गति से कोयला, तेल और गैस को बदलने की आवश्यकता होगी। लेकिन सौर जैसे स्रोतों द्वारा लगातार सबसे तेजी से की जाने वाली भविष्यवाणियों को भी खारिज करने के बावजूद, जीवाश्म ईंधन में शायद ही कोई बदलाव आया है: जिसने पिछले साल दुनिया की 82फीसद ऊर्जा और 2000 में 87 फीसद की आपूर्ति की थी। क्यों?



**जीवाश्म ईंधन रुका हुआ है, पवन ऊर्जा ठप है-** ससेक्स विश्वविद्यालय में ऊर्जा और स्थिरता के व्याख्याता माल्टे जेनसन कहते हैं, 'तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा ने कोयले और गैस की खपत में उसी दर से कटौती नहीं की है क्योंकि मानव जाति पहले की तुलना में बहुत अधिक बिजली का उपयोग कर रही है, खासकर एशिया में।' 'यूरोप और उत्तरी अमेरिका में नवीकरणीय ऊर्जा ने धीरे-धीरे जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न ऊर्जा के अनुपात को ख़त्म कर दिया है, जबकि अन्य सभी ऊर्जा स्रोत (परमाणु, हाइड्रो, बायोमास) लगभग उसी स्तर पर बने हुए हैं। एशिया में, 2000 के दशक से बिजली की मांग तीन गुना हो गई है, इस ऊर्जा का बड़ा हिस्सा जीवाश्म ईंधन से आता है और जब रिपोर्ट सौर ऊर्जा के प्रदर्शन के मूल्यांकन पर नजर रख रही थी, तो उसने उल्लेख किया कि इस दशक में पवन ऊर्जा पैदा करने के लिए नियोजित परियोजनाएं आईईए के अनुसार 2030 तक आवश्यक होंगी। जेनसन का कहना है कि सर्दियों के दौरान हवा एक विशेष रूप से मूल्यवान ऊर्जा स्रोत है, जब ऊर्जा मांग चरम पर होती है। दुर्भाग्य से, पवन उद्योग मुद्रास्फीति से प्रभावित हुआ है।

'अपतटीय पवन फार्म के निर्माण में शामिल लोगों के लिए, इसका मतलब है कि इसके भौतिक भागों (जैसे टर्बाइन) और ऋण (बैंक ऋण) दोनों की लागत बढ़ गई है,' यूसीएल में बिजली बाजार में एक शोध साथी फिल मैकनेली ने यह राय जाहिर की है। मैकनैली का मानना नहीं है कि यह झटका सस्ती अपतटीय पवन के अंत की शुरुआत करता है, जैसा कि कुछ लोगों ने दावा किया है।

**नेट ज़ीरो जल्दी आना चाहिए-** आईईए के अनुसार, 'लगभग सभी देशों' को अपनी शुद्ध शून्य लक्ष्य तिथियों को कई वर्षों तक आगे बढ़ाने की आवश्यकता होगी। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित अधिकांश विकसित देशों का लक्ष्य 2050 तक पूरी तरह से डीकार्बोनाइजेशन करना है। सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के संयुक्त राष्ट्र सिद्धांत के तहत, विकासशील देशों के पास थोड़ा अधिक समय है: उदाहरण के लिए, भारत की योजना 2070 की है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में ऊर्जा विशेषज्ञों की एक टीम (लगभग 900 इंजीनियरों के समर्थन से) ने हाल ही में तर्क दिया कि ऑस्ट्रेलिया 2035 की शुरुआत में नेट शून्य तक पहुँच सकता है। लेकिन कम से कम ब्रिटेन में, नेट ज़ीरो पर सरकारी नीतियां विपरीत दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### लेकिन उस तक पहुंचने में बड़ी बाधाएं हैं

- जिस दर से लोग सौर पैनल लगा रहे हैं और इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं, वह ठीक वैसा ही है जिसे विशेषज्ञों ने 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लिए आवश्यक बताया है
- पिछले दो वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और निवेश में 'आश्चर्यजनक' वृद्धि के कारण, वैश्विक तापन को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने की संभावना बरकरार है
- ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के साथ मानवता की प्रगति पर हालिया अपडेट में, आईईए ने निष्कर्ष निकाला कि 2030 तक: जीवाश्म ईंधन की मांग में 25 फीसद की गिरावट होनी चाहिए
- लेकिन सौर जैसे स्रोतों द्वारा लगातार सबसे तेजी से की जाने वाली भविष्यवाणियों को भी खारिज करने के बावजूद, जीवाश्म ईंधन में शायद ही कोई बदलाव आया है: जिसने पिछले साल दुनिया की 82फीसद ऊर्जा और 2000 में 87 फीसद की आपूर्ति की थी




## एनिमल का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनिमल का टीजर आज उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज कर दिया गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में है। टीजर की शुरुआत में रणबीर, रश्मिका के सामने अपने पिता बनने की इच्छा जाहिर करते है, जिसपर रश्मिका कहती है कि बिल्कुल अपने पिता की तरह, लेकिन ये बात रणबीर को जरा भी रास नहीं आती है।इसके बाद टीजर में कहानी को फ्लैशबैक में भी दिखाया गया है, जहां अनिल कपूर अपने बेटे को एक के बाद एक जोरदार तमाचा लगाते हुए नजर आते है। कहानी बाप-बेटे के रिश्ते और बदले पर आधारित नजर आती है।

## आम्रपाली दुबे की फिल्म मंडप



मुंबई (वार्ता)। एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले निर्मित अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ एवं अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म मंडप 29 सितम्बर को रिलीज होगी। निरहुआ ने दर्शकों से फिल्म मंडप देखने की अपील करते हुए कहा कि मंडप एक स्वस्थ मनोरंजन वाली फिल्म है। फिल्म की कहानी सामाजिक और पारिवारिक मानदंडों के इर्दगिर्द है। फिल्म को आनंद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म मंडप एक विशुद्ध भोजपुरी घर परिवार की कहानी है। हम सबों ने फिल्म में अपना पूरा योगदान दिया है।

## 'जमाई बाबू' बिग बी को पहननी पड़ी पारंपरिक बंगाली पोशाक

मुंबई (आईएएनएस)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने बताया कि 'कौन बनेगा करोड़पति' में इस सप्ताह का ड्रेस कोड पारंपरिक और देश के विभिन्न हिस्सों का है। एक एपिसोड के लिए अमिताभ ने खुलासा किया कि इस सप्ताह का ड्रेस कोड 'पश्चिम बंगाल' राज्य से था। इसलिए, उन्हें उसी के अनुसार कपड़े पहनने थे। अभिनेत्री-राजनेता जया बच्चन के पति अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर कुर्ता, पायजामा और कोल्हापुरी के साथ गमछा पहने हुए तस्वीरें शेयर की। अभिनेता ने फिर लिखा, सप्ताह के लिए ड्रेस कोड पारंपरिक और देश के विभिन्न हिस्सों से है... इसलिए आज सुबह के एपिसोड में यह बंगाल था और 'जमाई बाबू' को उसी के अनुसार कपड़े पहनने थे। लेकिन, स्टाइलिस्ट को पता नहीं था कि धोती कैसी दिखती है या उसे कैसी पोशाक पहननी है, इसलिए उसे इसके बिना ही काम करना पड़ा।






## ओटीटी पर 'खुफिया', 'चूना' और 'कुशी' की धूम

नई दिल्ली(आईएएनएस)। यह सितम्बर का आखिरी सप्ताह है और ओटीटी की दुनिया उत्साह और प्रत्याशा से भरी हुई है, जिसमें खुफिया', 'चूना', 'कुशी' ने ओटीटी स्क्रीन पर धूम मचाई हुई है। तब्बू और अली फजल स्टारर रोमांचक ड्रामा 'खुफिया' से लेकर विजय देवरकोंडा और सामंथा की रोमांटिक कहानी 'कुशी' तक, इस सप्ताह की पेशकश आपको आनंदित करेगी, और विविध प्रकार की मनोरम सामग्री के साथ मनोरंजन करने का वादा करेगी। यहां विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों पर छह शीर्षकों की सूची दी गई है, जिन्होंने इस सप्ताह ध्यान खींचा है। 'चूना' जिमी शेरगिल, आशिम गुलाटी, विक्रम कोचर, चंदन रॉय, नमित दास, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, अतुल श्रीवास्तव, मोनिका पंवार, निहारिका लायरा दत्त अभिनीत यह वेब सीरीज व्यंग्य पुष्पेंद्र नाथ मिश्रा द्वारा लिखित और निर्देशित है। 'एजेंट ' सुरेंद्र रेड्डी द्वारा निर्देशित और वक्कनथम वामसी द्वारा लिखित तेलुगु भाषा की एक्शन जासूसी फिल्म में अखिल अक्किनेनी, मम्मूटी, डिनो मोरिया, साक्षी वैद्य और विक्रमजीत विर्क ने अभिनय किया हैं।

## अपना एल्बम 'सॉन्स ऑफ ट्रांस 2' रिलीज करेंगे अमित त्रिवेदी

मुंबई (आईएएनएस)। 'देव-डी', 'लुटेरा', 'बॉम्बे वेलवेट', 'मनमर्जियां' के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार अमित त्रिवेदी अपना नया म्यूजिक एल्बम लेकर आ रहे हैं, जिसका टाइटल 'सॉन्स ऑफ ट्रांस 2' है। यह एल्बम उनके पिछले एल्बम 'सॉन्स ऑफ ट्रान्स' की सफलता को दिखाती है, जो 2020 में प्रसारित हुआ था। यह एल्बम 10 अक्टूबर को रिलीज होने वाला है, इसमें अमित को विभिन्न प्रतिभाओं के साथ सहयोग करते हुए देखा जाएगा। इसमें छह गाने शामिल हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक बीट्स, शानदार वाद्ययंत्र और आकर्षक गायन से युक्त हैं। एल्बम के बारे में बात करते हुए अमित ने कहा, "सॉन्स ऑफ ट्रांस 2' मेरे लिए सिर्फ संगीत नहीं है, यह मेरी आत्मा का एक टुकड़ा है। इस एल्बम को बनाना एक बहुत ही व्यक्तिगत और रचनात्मक यात्रा थी। मुझे उम्मीद है कि ये धुनें दिलों को छू जाएंगी, जैसा कि उन्होंने मेरे दिलों को छू लिया। उन्होंने आगे उल्लेख किया, प्रत्येक गीत एक अनमोल रत्न है और मैं उन्हें साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। जब दर्शक सुनते हैं, तो मुझे आशा है कि वे उन भावनाओं को महसूस करेंगे जो इसे बनाने में लगी थीं।



# पितृ पक्षः पितरों के पुण्य स्मरण व श्राद्ध-कर्म का महापर्व



एसवी सिंह 'प्रहरी'

**पितृ** से आशय हमारे पूर्वजों से है और पक्ष का अर्थ है पखवाड़ अथवा अर्धमास। इस प्रकार 'पितृ पक्ष' का शाब्दिक अर्थ है 'पूर्वज पखवाड़ा' अर्थात् पूर्वजों के स्मरण के लिए प्रतिवर्ष निर्धारित 15 दिनों की समयावधि। प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष की पूर्णिमा से अश्विन मास की अमावस्या तक 16 दिन की अवधि को 'श्राद्ध पर्व' कहा जाता है, कुछ स्थानों में इस अवधि को सोलह श्राद्ध, महालय-पक्ष और अपर-पक्ष आदि के नाम से भी जाना जाता है।

**पितृ पक्ष क्यों होता है?**

मान्यताएं हैं कि पुनर्जन्म की प्रक्रिया के तहत मृत्योपरान्त आत्मा नया कलेवर धारण कर भू-लोक में ही कहीं हम सभी के बीच में जन्म लेकर अपनी अगली जीवन यात्रा को तय करती है। चूंकि हम सभी अपने पूर्वजों के सृजन या विकास के साक्षी होते हैं इसलिए उनकी आत्मा अपने वर्तमान परिवार से चित्त की स्मृति रूपी ऊर्जा के रूप में जन्म-जन्मान्तर तक जुड़ी रहती है। ऐसी भी मान्यताएं हैं कि अगर पूर्वज नाराज हो जाएं तो घर की उन्नति व समृद्धि में बाधाएं आने लगती हैं। ऐसी स्थिति में पितृ पक्ष के दौरान तर्पण और श्राद्ध कर्म करके उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पुराणों के अनुसार ऐसे पूर्वज, जिन्हें किन्हीं कारणवश अधोगति से मुक्ति न मिल सकी हो तो उनकी आत्मा भटकती रहती है और वे पितृ पक्ष के दौरान अधोगति से मुक्ति की प्रत्याशा में स्वर्ग तथा पृथ्वी लोक के मध्य पितृ लोक में विचरण करते हैं, जब पितृ पक्ष में पूरे विधि-विधान के साथ उनका पिण्डदान और पूजन-अर्चन किया जाता है तो उनकी आत्मा का भटकना बंद हो जाता है और उन्हें मुक्ति मिल जाती है।

**श्राद्ध प्रक्रिया**

'श्रद्धया इदं श्राद्धम्' अर्थात् जो श्रद्धा से किया जाता है वह श्राद्ध है। पितृ पक्ष में तामसिक भोजन और धूम्रपान वर्जित होता है तथा शुद्ध मन से प्रतिदिन अपने पूर्वजों को जल से तर्पण किया जाता है। पितृ पक्ष की जिस तिथि को श्राद्ध कर्म होना है उस दिन श्रेष्ठ आचरण वाले ब्राह्मण तथा कुल के पूज्य आदि को एक दिन पूर्व निमंत्रित करके ब्राह्मण से पितरों का विधि-विधान से पूजन, पिंड दान और तर्पण कराएं और पितरों के निमित्त गाय के गोबर के उपले में अग्नि जलाकर पितरों के निमित्त गाय का दूध, दही, घी, खीर सहित बनाए गए अन्य व्यंजनों को आहूत रूप में अर्पित कर भोग लगाया जाता है। गाय, कुत्ता, कौआ, पीपल वृक्ष और अतिथि के लिए भी ग्रास निकालना चाहिए। ब्राह्मण को आदरपूर्वक भोजन कराएं, मुख शुद्धि, वस्त्र, जनेऊ तथा दक्षिणा द्रव्य देकर उनके चरणों को छूकर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। दान में उन वस्तुओं का भी चयन करें जो पितरों को पसंद रहा हो और उन्हें आदर सहित दान दें, यदि बड़ा आयोजन संभव न हो तो 7-8 मुट्ठी तिल, जल और दक्षिणा देकर भी श्राद्ध का पुण्य प्राप्त किया जा सकता है। किन्हीं कारणों से पितृ पक्ष में श्राद्ध प्रक्रिया न हो सके तो सर्वपितृ अमावस्या को श्राद्ध कर्म करें, इस दिवस को श्राद्ध पूर्ण करने से भी पितरों को शांति मिलती है।

**पितृ पक्ष** 29 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक



**वर्तमान परिदृश्य में पितृ पक्ष की प्रासंगिकता**

यह हमारे मनीषियों और ऋषि-मुनियों की दार्शनिक क्षमता और दूरदृष्टि का ही प्रतिफल है कि उनका ध्यान मनुष्य की इस मनोवृत्ति पर गया होगा कि वह अपने परिजनों और निकट संबंधियों के निधन के उपरान्त कुछ समय तक तो प्रतिदिन उनका स्मरण करता है लेकिन समय के साथ-साथ उसके मन-मस्तिष्क में उनकी स्मृतियां धूमिल होती चली जाती हैं और एक समय ऐसा भी आता है जब वह उनका स्मरण करना बंद कर देता है। मनुष्य की इसी मनोवृत्ति को केंद्र में रखते हुए हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा यह विचार किया गया होगा कि क्यों न पूर्वजों के स्मरण के लिए एक अवधि सुनिश्चित कर लें ताकि मनुष्य यदि अन्य दिनों में किसी भी कारणवश अपने पूर्वजों को स्मरण न भी कर पाए तो वह इस विशेष अवधि के दौरान अपने पितरों का स्मरण कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद अवश्य प्राप्त कर लें।

### ध्यान योग्य बातें

- **प्रातःकाल हथेली पर जल लेकर आकाश की ओर ध्यान करके पितरों का स्मरण करना चाहिए।**
- **अग्नि में सुगंध की पांच आहुतियां देने से भी पितरों को शांति मिलती है।**
- **उड़द की दाल शनि और राहु, ये दोनो पितृ रूप में हैं, काली उड़द की दाल का पिंड दान करना चाहिए।**
- **काले तिल का दान, आहुति देने से घर की नकारात्मकता कम होती है, जल में काले तिल डालकर सूर्य को अर्घ्य देने से पितरों को शांति मिलती है।**
- **कुश श्री हरि विष्णु के अंश से बना है जिसमें अमृत का वास होता है, कुश के जल से शिवाभिषेक करने से समस्त बाधाएं दूर होकर पितरों को मुक्ति मिलती है, कुश हाथ में लेकर पितरों को जल अर्पित करने से ही श्राद्ध की प्रक्रिया पूर्ण होती है।**






## महत्व बॉडी लैंग्वेज का

कहा जाता है 'फेस इज द इंडेक्स ऑफ माइंड' बिल्कुल सच है। मन में जो भाव आ रहे होते हैं वो चेहरे पर भी आ जाते हैं। अगर सामने वाला आपके भावों को पढ़ ले तो वो जान जाता है कि आपके मन में क्या चल रहा है। इसी प्रकार आपके शरीर के अंगों के एक्शन से भी जाना जाता है कि आप इस समय क्या कहना चाहते हैं। इस भाषा को बॉडी लैंग्वेज के नाम से जाना जाता है।

- बॉडी लैंग्वेज जानना या बॉडी लैंग्वेज से अपने मन की बात बिना कहे दूसरे तक सही तरीके से पहुंचाना उतना ही जरूरी है जितनी कि आपकी परफार्मेंस। जीवन में हमेशा काम आता है बॉडी लैंग्वेज समझना। हमारे जीवन पर हर पल इसका प्रभाव पड़ता है। भले ही हम इसे महसूस कर पायें या नहीं।
- करियर में आगे बढ़ने के लिए अच्छी परफार्मेंस के साथ बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है।
- हमारा दिमाग लगभग हर बॉडी पॉश्चर से निकलने वाले संकेतों को समझ सकता है। यह भी एक भाषा है जैसे हम अन्य भाषाएं सीखते हैं।
- हमें अपनी रोजमर्रा की आदतों में कुछ बेसिक पॉश्चर्स पर ध्यान देना चाहिए जैसे सामने वाले से बात करते समय हमेशा आई कॉन्टेक्ट बना कर रखना, चेहरे पर हल्की-सी मुस्कान बना कर रखना, मजेदार बात हो तो हाथ हिलाकर बात करना, साधारण आवाज में बात करना, गंभीर बात के लिए हाथों को सीधा रखकर बात करना, हैरानी वाली बात में आईब्रोज ऊपर करना, खुशी वाली बात पर हंसकर बात करना, ये सब पोजिटिव बॉडी लैंग्वेज का हिस्सा हैं। हाथ बांधकर बात करना, मुंह पर या चेहरे पर हाथ रखकर बात करना, नजरें झुका कर बात करना, ग्रुप में फुसफुसा कर बात करना नेगेटिव बॉडी लैंग्वेज का हिस्सा हैं। रिलेक्स्ड पॉश्चर में बात करने का अर्थ है आप बात पूरी तरह देकर सुन रहे हैं।
- किसी भी स्तर के व्यक्ति से ऊंची आवाज में बात करने से आपके व्यक्तित्व की गंभीरता कम होगी।
- बात करते समय शब्दों के अलावा दूसरे की बॉडी लैंग्वेज को समझने का प्रयास भी करना चाहिए। इससे लगता है कि आप उसकी बातों को पूरी तरह समझ रहे हैं।
- सामने वाले की खुशी और दुःख में अपने हावभाव भी वैसे ही रखें ताकि आपको लगे कि आप उसके साथ पूरी तरह इंवोल्व हैं।
- अगर सामने वाले के हाव-भाव परेशानी वाले लगें तो उसे सहानुभूति भरे शब्द बोले और अपने हावभाव भी वैसे ही प्रकट करें।

## दुनिया के इस देश का वीजा लेने के लिए करना पड़ता है लंबा इंतजार




दुनिया में सुपर पावर की हैसियत रखने वाला देश अमेरिका उन भारतीयों के लिए पहली पसंद रहता है जो विदेश में पढ़ाई या नौकरी करने की इच्छा रखते हैं। हालांकि, वहां का वीजा मिलना इतना आसान है नहीं, जितना आपको लगता होगा। दरअसल, अमेरिका जाने वालों की लाइन इतनी ज्यादा लंबी की है कि वीजा इंटरव्यू अप्वाइंटमेंट मिलने में ही महीनों का समय लग जाता है। चलिए आपको बताते हैं कि आखिर इतना टाइम लग क्यों रहा है।

**कितना लगता है टाइम**



यूएस स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अनुसार, अगर आप चेन्नई में रहते हैं और अमेरिका जाना चाहते हैं तो आपके वीजा इंटरव्यू के लिए आपको 486 दिनों का इंतजार करना पड़ेगा यानी एक साल से ज्यादा समय का। वहीं अगर आप हैदराबाद में रहते हैं और अमेरिका जाना चाहते हैं तो आपको 441 दिनों का इंतजार करना पड़ेगा ये भी एक साल से ज्यादा का समय है। वहीं अगर आप मुंबई में रहते हैं तो आपको अपने वीजा इंटरव्यू के लिए 571 दिनों का इंतजार करना होगा। जबकि, सबसे ज्यादा समय कोलकता में रहने वालों का लगता है। कोलकाता में रहने वालों को वीजा इंटरव्यू के लिए 607 दिन का समय लगता है।

**इस वीजा के लिए लगता है इतना टाइम**

आपको बता दें, इतना समय जिस वीजा के लिए लग रहा है वो वीजा बी-1 और बी-2 है। बी-1 वीजा मतलब बिजनेस वीजा। यानि अगर आप अमेरिका में नौकरी करने या बिजनेस के काम से जा रहे हैं तो आपको बी-1 वीजा लेना पड़ता है। वहीं अगर आप अमेरिका घूमने जाना चाहते हैं तो आपको बी-2 वीजा लेना पड़ता है। इन दोनों ही वीजा के लिए आपको कम से कम एक साल का इंतजार तो करना ही होगा। कई बार ये समय बढ़ कर तीन साल तक भी पहुंच जाता है।

# नहीं बन पाये आईएएस तो ये हैं बेस्ट करियर ऑप्शन

आपने प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन यह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा है, और कभी-कभी, आपके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, सफलता आपसे दूर रह सकती है। लेकिन परेशान न हों, क्योंकि आपके अन्वेषण के लिए कई आकर्षक



करियर विकल्प मौजूद हैं। आज बात करेंगे ऐसे करियर पथों कि जो आपको आईएएस का सपना अधूरा रहने पर भी लाखों कमाने में मदद कर सकते हैं।



**भारतीय पुलिस सेवा**

अपराध से लड़ना और न्याय को कायम रखना। यदि सिविल सेवा आपका जुनून है, तो भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) पर विचार करें। एक आईपीएस अधिकारी के रूप में, आप कानून और व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की जांच करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

**बैंकिंग और वित्त**

बैंकिंग और वित्त क्षेत्र ढ़ेर सारे अवसर प्रदान करता है। बैंकर, वित्तीय विश्लेषक, या निवेश बैंकर बनने से पर्याप्त आय हो सकती है, खासकर जब आप करियर की सीढ़ी चढ़ते हैं।

**मेडिकल प्रोफेशन**

हीलिंग लाइव्स एंड योर वॉलेट

मेडिकल करियर, जैसे डॉक्टर या विशेषज्ञ बनना, व्यक्तिगत संतुष्टि और वित्तीय लाभ दोनों के मामले में अत्यधिक फायदेमंद हो सकता है। स्वास्थ्य सेवा उद्योग अपने अच्छे मुआवजे वाले पेशेवरों के लिए जाना जाता है।

**इंजीनियरिंग**

सिविल, मैकेनिकल और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियरों की अत्यधिक मांग है। दुनिया लगातार विकसित हो रही है और इंजीनियर इसे आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**राज्य सरकारों में सिविल सेवाएं**

यदि अखिल भारतीय सेवाएं पहुंच से बाहर लगती हैं, तो राज्य स्तर पर सेवा देने पर विचार करें। राज्य सिविल सेवाएं आईएएस के समान पद प्रदान करती हैं और पर्याप्त वित्तीय पुरस्कार प्रदान कर सकती हैं।

**प्रबंधन**

प्रबंधन में करियर, जैसे एमबीए या बिजनेस एक्जीक्यूटिव, वित्तीय रूप से आकर्षक हो सकता है। कॉरपोरेट जगत में प्रभावी नेतृत्व की हमेशा मांग रहती है।

**कानूनी पेशा**

वकील या वकील बनना आर्थिक रूप से संतोषजनक हो सकता है। कानूनी पेशा कॉर्पोरेट कानून, मुकदमेबाजी और बहुत कुछ सहित विभिन्न कैरियर मार्ग प्रदान करता है।



# साइकोमीट्रिक टेस्ट की मदद से अपने लिए सही करियर का चुनाव

जब बात आती है सही करियर के चुनाव की तो ज्यादातर काउंसलर स्टूडेंट्स को उनके इंटेरेस्ट एरिया और बेस्ट कर रहे सब्जेक्ट्स को चुनने की सलाह देते हैं। हालांकि, यदि इसमें साइकोमीट्रिक टेस्ट के रिजल्ट्स को भी जोड़ दिया जाए तो किसी भी स्टूडेंट के लिए सही करियर ऑप्शन चुनने में और भी बेहतर मदद मिल सकती है। साइकोमीट्रिक टेस्ट स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को किसी भी करियर के लिए जरूरी स्किल को अपने स्किल से मैच करने में हेल्प करता है। ऐसे में यदि आपको नहीं पता है कि आपके लिए बेस्ट करियर कौन सा है तो इसके लिए साइकोमीट्रिक टेस्ट की मदद ले सकते हैं।

साइकोमीट्रिक टेस्ट के दौरान पूछे गए सवालों के स्टूडेंट्स द्वारा दिए गए जवाब के आधार पर उनके स्ट्रेंथ और वीकनेस के साथ-साथ उनके इंटेरेस्ट का पता लगाया जाता है। साइकोमीट्रिक टेस्ट को ज्यादातर स्कूल अपने-अपने स्टूडेंट्स के लिए 7-8वीं कक्षा के दौरान आयोजित करते हैं ताकि वे सेकेंड्री और आगे सीनियर सीनियर सेकेंड्री स्तर पर सही स्ट्रीम का चुनाव कर सकें। वहीं स्कूलिंग के बाद स्टूडेंट्स हायर एजुकेशन के लिए भी तमाम ऑनलाइन साइकोमीट्रिक टेस्ट को अटेम्प्ट करके अपने लिए बेस्ट करियर ऑप्शंस को जाना जा सकता है।

> *साइकोमीट्रिक टेस्ट के माध्यम से स्टूडेंट या प्रोफेशनल्स की सोचने-समझने की क्षमता, टीम के रूप में काम करने की योग्यता और उम्मीदवार खुद की च्वाइस का आकलन कर सकता है। इस आकलन के आधार पर उसकी स्किल, स्ट्रेंथ और इंटेरेस्ट के अनुसार सही करियर ऑप्शंस की सलाह दी जाती है।*




**साइकोमीट्रिक टेस्ट से मदद**

स्टूडेंट्स करियर के चुनाव से लेकर किसी भी करियर में वर्किंग प्रोफेशनल्स के करियर डेवेलपमेंट के लिए साइकोमीट्रिक टेस्ट काफी जरूरी बन गया है।


साइकोमीट्रिक का अर्थ है मानसिक मापन, यानी इस टेस्ट में साइक्लॉजी, स्किल, एप्टीट्यूड, रीजनिंग, न्यूमेरिकल, आदि से सम्बन्धित प्रश्न होते हैं, जिनके उत्तर स्टूडेंट्स को देने होते हैं। इसके अतिरिक्त साइकोमीट्रिक टेस्ट में पर्सनालिटी टेस्ट को भी शामिल किया जाता है, जिसमें ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू आदि हो सकते हैं। इस प्रकार, साइकोमीट्रिक टेस्ट के माध्यम से स्टूडेंट या प्रोफेशनल्स की सोचने-समझने की क्षमता, टीम के रूप में काम करने की योग्यता और उम्मीदवार खुद की च्वाइस का आकलन किया जाता है। इस आकलन के आधार पर उसकी स्किल, स्ट्रेंथ और इंटेरेस्ट के अनुसार सही करियर ऑप्शंस की सलाह दी जाती है।

# इस तरह आया था हैशटैग बनाने का आईडिया

आज व्यक्ति, बुजुर्ग, बच्चे हो या युवा सुबह से शाम तक सोशल मीडिया पर हर दिन तमाम पोस्ट, रील और वीडियोज देखते हैं। इन सभी में कोई फूड से रिलेटेड होती हैं तो कोई ट्रैवल, हेल्थ, फैशन और किसी अन्य फील्ड्स की होती हैं। इन सभी अपलोडेड कंटेंट में जो एक कॉमन चीज दिखती है वो है हैशटैग। अक्सर यूजर्स अपनी पोस्ट, वीडिया या फिर किसी इवेंट की ही रीच बढ़ाने के लिए इससे रिलेटेड हैशटैग का इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ ही ऐसा करने के बाद संबंधित टॉपिक से जुड़ी जानकारी एक जगह भी कलेक्ट हो जाती है। हालांकि कभी आपने यह सोचा है कि इतने काम का के इस हैशटैग की शुरुआत आखिर किसने की थी। किसके दिमाग में सबसे पहले इसे इस्तेमाल करने का ख्याल आया था। आइए जानते हैं।



इस शख्स का नाम है क्रिस मेसिना। क्रिस ने '#' यूज पहली बार 2007 में किया था। इस संबंध में ट्विटर X के सह संस्थापक बिज स्टोन ने एक दिलचस्प किस्स भी शेयर किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर के सह संस्थापक ने बताया कि मार्केटिंग स्पेशलिस्ट क्रिस मेसिना एक दिन ट्विटर, जो कि अब X के दफ्तर में आए थे। उन्होंने बताया कि तब ट्विटर की शुरुआत हो रही थी और हमारे ऑफिस कोई भी आ सकता था। उन्होंने ऑफिस आकर हमें और ट्विटर के दूसरे कर्मचारियों को कुछ सलाह दी। इसी दौरान उन्होंने यह जानकारी दी। हालांकि, उस वक्त वह अपने किसी जरूरी काम में उलझे हुए थे, जिसके चलते उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि बाद, में उन्होंने क्रिस की पूरी बात समझी। इसके बाद क्रिस वहां से निकल गए। इसके बाद साल 2007 में 23 अगस्त को उन्होंने पहली बार हैशटैग का यूज करके ट्विट किया। इसके बाद से ही यह लोकप्रिय होने लगा। इसके बाद संस्थापक कहते हैं कि हमने हैशटैग को सबके लिए आसान बना दिया।



## ये हैं दुनिया की सबसे अजीबोगरीब नौकरियां

ये अजीब नौकरियां न केवल पारंपरिक रोजगार के ढांचे को तोड़ती हैं बल्कि विविध प्रतिभाओं और जुनून को भी प्रदर्शित करती हैं जो लोगों को अपनी अनूठी कॉलिंग के लिए प्रेरित करती हैं। आज हम बात करेंगे दुनिया भर से पांच अजीब नौकरियों बारे में, जो लोगों के जीविकोपार्जन के दिलचस्प और कभी-कभी अजीब तरीकों पर प्रकाश डालते हैं।

**प्रोफेशनल कडलर**

कल्पना करें कि आजीविका के लिए अजनबियों के साथ लिपटने के लिए आपको भुगतान मिलता है। जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी जगहों पर, पेशेवर कडलर स्पर्श की शक्ति के माध्यम से साथी और भावनात्मक समर्थन चाहने वालों को अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। हालांकि यह नौकरी असामान्य लग सकती है, लेकिन यह हमारे बढ़ते डिजिटल युग में अकेलेपन की बढ़ती समस्या और मानवीय संपर्क की आवश्यकता को संबोधित करती है। पेशेवर कडलर्स को सीमाओं और आराम के स्तर को बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है, जिससे यह एक अद्वितीय लेकिन मूल्यवान करियर विकल्प बन जाता है।

**सांप का दूध निकालने वाला**

निडर स्वभाव और सरीसृपों के प्रति आकर्षण वाले लोगों के लिए, सांप से दूध निकालना एक असाधारण करियर हो सकता है। सांप का दूध निकालने वाले विभिन्न सांप प्रजातियों से जहर निकालते हैं, मुख्य रूप से चिकित्सा अनुसंधान और एंटीवेनम के उत्पादन के लिए। इस साहसी पेशे के लिए सांप के व्यवहार की गहरी समझ और स्थिर हाथ की आवश्यकता होती है, क्योंकि दांव निर्विवाद रूप से ऊंचे होते हैं। सांप का दूध निकालने वाले इन प्राणियों के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने और अपने काम के माध्यम से जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**पालतू भोजन परीक्षक**

मानो या न मानो, ऐसे व्यक्ति भी हैं जो पालतू भोजन का स्वाद-परीक्षण करके जीविकोपार्जन करते हैं। पालतू पशु खाद्य उद्योग में गुणवत्ता नियंत्रण आवश्यक है, और ये पेशेवर सुनिश्चित करते हैं कि हमारे प्यारे दोस्तों को सुरक्षित और स्वादिष्ट भोजन मिले। पालतू भोजन परीक्षक विभिन्न पालतू खाद्य उत्पादों की सुगंध, बनावट और स्वाद का आकलन करते हैं, अक्सर उनकी गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए छोटी मात्रा में उपभोग करते हैं। हालांकि यह कमजोर दिल वालों के लिए काम नहीं हो सकता है, लेकिन हमारे प्यारे पालतू जानवरों की भलाई सुनिश्चित करने में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

**पेशेवर शोक मनाने वाला**

कुछ संस्कृतियों में, अंत्येष्टि के दौरान शोक मनाने और दुःख व्यक्त करने का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेशेवर शोक मनाने वालों, जिन्हें शोक विशेषज्ञ भी कहा जाता है, को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और सामूहिक दुःख की भावना व्यक्त करने के लिए अंतिम संस्कार और स्मारक सेवाओं में शामिल होने के लिए काम पर रखा जाता है।

उनकी भूमिका शोक प्रक्रिया को बढ़ाना, परिवारों और समुदायों को उनके नुकसान से निपटने में मदद करना है। यह अनोखा पेशा चीन सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित है, जहां इसका एक लंबा इतिहास है।

## GENERAL KNOWLEDGE

- किस जानवर का दूध सबसे महंगा बिकता है?

**उत्तर**- शेरनी का दूध सबसे महंगा बिकता है।

-दुनिया में सबसे ज्यादा मोबाइल बनाने वाला देश कौन सा है?

**उत्तर**- दुनिया में सबसे ज्यादा मोबाइल बनाने वाला देश चीन है।

-ऐसा कौन सा पक्षी है जो अपना रंग बदल सकता है?

**उत्तर**- कमोलिया ही वो पक्षी है जो अपना रंग बदल सकता है।

-मूंगफली भारत में सबसे ज्यादा किस राज्य में उगाई जाती है?

**उत्तर**- मूंगफली भारत में सबसे ज्यादा गुजरात में उगाई जाती है।

-दुनिया में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला पेड़ कौन सा है?

**उत्तर**- दुनिया में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला पेड़ पीपल का है।

- कौन सा जानवर लोहे की कील भी खा सकता है?

**उत्तर**- मगरमच्छ ही वो जानवर लोहे की कील भी खा सकता है।

-ऐसी कौन सी चीज है जिसकी गर्दन होती है लेकिन सिर नहीं होता है?

**उत्तर**- बोतल की गर्दन होती है लेकिन सिर नहीं होता है।

-बताएं आखिर भारत में सबसे पहले चीनी की मिल कहां स्थापित की गई थी?

**उत्तर**- दरअसल, भारत में सबसे पहले चीनी की मिल बिहार राज्य में स्थापित की गई थी।

एशियाड महाकुंभ

25 पदकों के साथ 5वें स्थान पर भारत

# पुरुष एयर पिस्टल टीम ने जीता स्वर्ण पदक



शिव नरवाल : 580 | अर्जुन सिंह चीमा : 578 | सरबजोत सिंह: 576

**जीत के अंक**

1734 भारत स्वर्ण

1733 चीन रजत

1730 वियतनाम कांस्य

एजेंसी ▶▶ हांगझोउ

भारत की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। सरबजोत, चीमा और शिव नरवाल ने बेहद करीबी मुकाबले में चीन की टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया और भारत को निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय निशानेबाज मौजूदा खेलों में अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुके हैं। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में कुल 1734 अंक जुटाए जो चीन की टीम से एक अधिक है। चीन को रजत जबकि वियतनाम (1730) को कांस्य पदक मिला। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन में 580, चीमा ने 578 और नरवाल ने 576 अंक बनाए। व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाले सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा पदक जीतने में नाकाम रहे। सरबजोत और चीमा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन क्रमशः चौथे और आठवें स्थान पर रहे।

### टीम स्पर्धा में तीसरा स्वर्ण

शनिवार को अपना 22वां जन्मदिन मनाने जा रहे सरबजोत ने टीम स्वर्ण पदक के रूप में स्वयं को तोहफा दिया। निशानेबाजी की टीम स्पर्धा में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत टीम स्वर्ण पदक जीत चुका है।

# रोशिबिना ने वुशु में जीता रजत पदक




भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में स्थानीय दावेदार वू शियाओवेई के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने यह पदक मणिपुर हिस्सा के पीड़ितों को समर्पित किया। रोशिबिना का गृह राज्य मणिपुर इस साल मई से हिंसा से जूझ रहा है। विरोधी कुकी जातीय समुदाय के दबदबे वाले चूरचांदपुर के करीबी बिष्णुपुर के क्वाशिफाई गांव की रहने वाली मैतेई समुदाय की रोशिबिना को स्थानीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। रोशिबिना ने रजत पदक जीतने के बाद कहा, 'मणिपुर जल रहा है। मणिपुर में हिंसा जारी है। मैं अपने गांव नहीं जा सकती। मैं यह पदक उन लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जो हमारी रक्षा कर रहे हैं और वहां पीड़ा सह रहे हैं। मुझे नहीं पता कि क्या होगा, लड़ाई तो जारी है। यह कब रुकेगा और पहले की तरह सामान्य जिंदगी कब लौटेगी।'



### खिताबी मुकाबले का रोमांच

*चीन की खिलाड़ी पहले दौर से ही आक्रामक दिखी और उन्होंने रोशिबिना को गिराकर अंक बनाए।मणिपुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए शियाओवेई का पैर पकड़कर उन्हें सीमा रेखा से बाहर करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही जिससे चीन की खिलाड़ी ने 1-0 की बढ़त बनाई। दूसरे दौर में चीन की खिलाड़ी ने रोशिबिना के शरीर के ऊपरी हिस्से पर प्रहार से अंक जुटाए और जीत दर्ज की। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता खेलों में कांस्य पदक जीता था।*

# घुड़सवारी की व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में भारत को पहला कांस्य

अनुष अग्रवाला ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में भारत को पहला व्यक्तिगत ड्रेसेज पदक दिलाया। 'एट्रो' पर घुड़सवारी कर रहे अग्रवाला ने 73.030 अंक जुटाए जिससे वह तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह उन्होंने एशियाड में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारत ने 1951 से घुड़सवारी स्पर्धा में 13 एशियाड पदक जीते हैं जिसमें मंगलवार को यहां जीता गया ड्रेसेज टीम स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। इससे पहले भारत ने ड्रेसेज में कभी भी व्यक्तिगत पदक नहीं जीता था। मलेशिया के बिन मोहम्मद फाथिल मोहम्मद काबिल अम्बाब ने 75.780 अंक के कुल स्कोर से स्वर्ण पदक और हांगकांग के जैकलीन विंग यिंग सियू ने 73.450 अंक से रजत पदक जीता।

| खिलाड़ी | पदक | अंक |
|---|---|---|
| काबिल अम्बाब | स्वर्ण | 75.780 |
| जैकलीन विंग | रजत | 73.450 |
| अनुष अग्रवाला | कांस्य | 73.030 |



## अभिषेक के दो गोल, भारत ने जापान को 4-2 से हराया



*युवा स्ट्राइकर अभिषेक के दो गोल की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां गत चैंपियन को जापान को 4-2 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की तथा एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में सेमीफाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अभिषेक (13वें, 48वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए। भारत की तरफ से अन्य गोल मंदीप सिंह (24वें) और अमित रोहिदास (34वें) ने किए। जापान ने चौथे और अंतिम क्वार्टर के अंतिम पांच मिनट में वापसी की तथा जेनकी मितानी (57वें) और रयोसी काटो (60वें) के गोल की मदद से हार का अंतर कम किया। भारत पूल ए के अपने अगले मैच में शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा।*

## खबर संक्षेप




### वापसी पर खिलाड़ियों को मिल रहा अभ्यास

**राजकोट।** भारतीय कोच राहुल द्रविड़ को संतोष है कि चोट के बाद वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को अगले सप्ताह शुरू हो रहे वनडे विश्व कप से पहले मैच अभ्यास मिल गया। कमर की तकलीफ के कारण लंबे समय तक बाहर रहे बुमराह ने मोहाली और राजकोट में दस दस ओवर गेंदबाजी की। तीसरे वनडे में वह हालांकि महंगे साबित हुए। वहीं अय्यर ने इंदौर में शतक जमाया और राजकोट में 48 रन बनाए। राहुल ने दो अर्धशतक लगाने के साथ उम्दा विकेटकीपिंग भी की।

### अफ्रीका के कप्तान बावुमा स्वदेश लौटे

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका को गुरुवार को झटका लगा जब उसकी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में टीम के दो अभ्यास मैच से पूर्व निजी कारणों से भारत से स्वदेश लौट गए। दक्षिण अफ्रीका को अपने पहले अभ्यास मैच में 29 सितंबर का अफगानिस्तान जबकि दूसरे अभ्यास मैच में दो अक्टूबर को न्यूजीलैंड से भिड़ना है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट के अनुसार बावुमा निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।



### विश्व कप में बड़ी भूमिका निभाएंगे मैक्सवेल

**राजकोट।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिचेल मार्श ने कहा है कि हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल आस्ट्रेलिया में वनडे विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे क्योंकि वह तीसरे स्पिनर के तौर पर टीम में संतुलन लेकर आते हैं। छह महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में 66 रन से मिली जीत में 40 रन देकर चार विकेट लिए। मार्श ने कहा, 'यह शानदार स्पैल था। उसने पिछले कुछ महीनों में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है लेकिन उसे इस तरह वापसी करते देखकर अच्छा लगा। वह टीम में ऊर्जा लेकर आता है। उसकी मौजूदगी से टीम में संतुलन आता है।'



# अश्विन की वर्ल्ड कप टीम में एंट्री चोटिल अक्षर बाहर, टीम का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अपेक्षानुरुप चोटिल ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को आगामी वनडे विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। अक्षर के 'क्वाड्रिसेप्स' में चोट लग गई थी और उनके जल्द ठीक होने की उम्मीद नहीं है। इस कारण अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को 37 वर्षीय अश्विन को टीम में शामिल करना पड़ा। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला के दो मैचों में चार विकेट लिए थे।

आईसीसी ने बयान में कहा, 'अक्षर पटेल एशिया कप के सुपर चार में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और वह बाएं क्वाड्रिसेप्स में लगी चोट से विश्व कप के लिए सही समय पर उबरने में नाकाम रहे। इस कारण यह स्पिनर एशिया कप के फाइनल में भी नहीं खेल पाया था। उनकी जगह अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को टीम में लिया गया है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में वनडे क्रिकेट में प्रभावशाली से वापसी की थी तथा दो मैचों में चार विकेट लिए थे।'



### भारत की विश्व कप टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

## पाकिस्तान की बजाय ओमान में होंगे ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर

**लुसाने।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ और देश के खेल बोर्ड के बीच अंतर्कलह के कारण अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पुरुष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से छीनकर ओमान को दे दी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने घोषणा की कि टूर्नामेंट अगले साल 15 से 21 जनवरी के बीच मस्कट में होगा। तीन अन्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर चीन (महिला क्वालीफायर 15 से 24 जनवरी 2024) और स्पेन (महिला और पुरुष 13 से 21 जनवरी) में होंगे। एफआईएच ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान हॉकी महासंघ प्रशासन के ताजा हालात को देखते हुए एफआईएच ने पुरूष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से वापिस लेने का फैसला किया था।अब यह टूर्नामेंट ओमान में खेला जाएगा।' ओलंपिक क्वालीफायर से छह महिला और छह पुरुष टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# रामकुमार-माइनेनी फाइनल में पहुंचे बोपन्ना-भोसले ने पक्का किया पदक

एजेंसी ▶▶ हांगझोउ



भारतीय टेनिस के लिए गुरुवार का दिन अच्छा साबित हुआ जिसमें रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने एशियाई खेलों की पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रोहन बोपन्ना और रूतुजा भोसले की मिश्रित जोड़ी ने भी सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया।

माइनेनी और रामकुमार की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के सियोंगचान होंग और सूनवू क्वोन की जोड़ी को 6-1, 6-7, 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई। अब भारतीय टीम का सामना शुक्रवार को फाइनल में चीनी ताइपै की जोड़ी से होगा जिसने थाईलैंड को हराया। माइनेनी का यह दूसरा एशियाड पदक होगा। उन्होंने 2014 में सानिया मिर्जा के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। वहीं रामकुमार के लिए यह पहला एशियाड पदक होगा। भारत ने पिछली बार जकार्ता में भी पुरुष युगल खिताब जीता था जब रोहन बोपन्ना और दिविज शरण की जोड़ी ने फाइनल में जीत दर्ज की थी। इस बार बोपन्ना और युकी भांबरी की जोड़ी बाहर हो गई। लेकिन बोपन्ना और भोसले ने मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान के झिबेक कुलाम्बाएवा और ग्रिगोरी लोमाकिन को 7-5, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# स्क्वाश : पुरुष और महिला टीम ने पक्के किए पदक

एजेंसी ▶▶ हांगझोउ

भारतीय पुरुष और महिला स्क्वाश टीम ने गुरुवार को यहां अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर एशियाई खेलों में पदक पक्के किए। पुरुष टीम ने पूल के अंतिम मुकाबले में नेपाल को 3-0 से शिकस्त दी जबकि महिला टीम ने मलेशिया के खिलाफ अपने अंतिम पूल बी मैच में 0-3 की एकतरफा हार के बावजूद सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया।

दोनों टीमों ने अपने अपने पूल में शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने पदक पक्के किए। स्क्वाश में सेमीफाइनल में हारने वालों को भी कांस्य पदक मिलता है। पुरुषों की टीम स्पर्धा में अभय सिंह ने अमृत थापा मागर को 17 मिनट में 11-2, 11-4, 11-1 से मात दी। दूसरे मैच में महेश मंगावंकर ने भी 17 मिनट में जीत हासिल की, उन्होंने अरहंत केशर सिम्हा को 11-2, 11-3, 11-3 से हराया। हरिंदर पाल सिंह संधू ने फिर आमिर भलोन पर महज 12 मिनट में 11-1, 11-2, 11-6 से जीत हासिल की। भारतीय महिला टीम के लिए सबसे पहले जोशना चिनप्पा उतरीं जिन्हें सिर्फ 21 मिनट में मलेशिया की सुब्रमण्यम सिवसंगारी के खिलाफ 6-11, 2-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मुकाबले में तन्वी खन्ना को एइफा बिंटी अजमान के खिलाफ 9-11, 11-1, 7-11, 13-11, 11-5 से हार झेलनी पड़ी। मुकाबले के अंतिम मैच में 15 साल की अनाहत सिंह को मलेशिया की राशेल मेइ के खिलाफ 7-11, 7-11, 12-14) से हार मिली।



## वर्ल्ड कप खेलने सात साल बाद भारत पहुंची है पाक टीम

# जोशिले स्वागत से अभिभूत पाकिस्तानी क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

सात साल बाद भारत आने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर यहां हुए जबर्दस्त स्वागत से अभिभूत हैं और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने इसके बारे में कहा, 'जबर्दस्त, मजा आ गया।'इससे पहले हवाई अड्डे पर भारतीय प्रशंसकों की जबां पर पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम का नाम था। बाबर एंड कंपनी के यहां पहुंचते ही भारत में सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम ट्रेंड करने लगी और दोनों मुल्कों के बीच तनाव मानों लोग भूल ही गए।

मोहम्मद नवाज और सलमान आगा के अलावा पूरी पाकिस्तानी टीम पहली बार भारत आई है। टीम के एक सूत्र ने कहा, 'हमें उम्मीद थी कि लोग मैदान पर आएंगे लेकिन हवाई अड्डे पर इस तरह के स्वागत की कल्पना नहीं की थी। वे टीम के इंतजार में खड़े थे और यह देखकर बहुत अच्छा लगा।' बाबर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हैदराबाद में मिले प्यार से अभिभूत हूं।'' वहीं शाहीन शाह अफरीदी ने लिखा, 'हमारा जबर्दस्त स्वागत।'



### खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

पाकिस्तान टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को पहला अभ्यास मैच खेलना है लिहाजा खिलाड़ियों ने आने के 12 घंटे के भीतर ही मैदान पर वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया। बाबर आजम और इफ्तिखार अहमद सबसे पहले नेट पर अभ्यास के लिए आए। शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने उन्हें गेंदबाजी की। नसीम शाह की चोट के कारण टीम में वापसी करने वाले हसन अली ने भी गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। टीम ने ढाई घंटा मैदान पर बिताया।

### डाइट चार्ट में बटर चिकन और मटन करी

पाकिस्तानी टीम को यहां चिकन, मटन और मछली से बने व्यंजन परोसे जाएंगे क्योंकि भारत में सभी 10 प्रतिभागी टीमों को 'बीफ' नहीं परोसा जाएगा। टीम के डाइट चार्ट में लैंब चॉप, मटन करी, बटर चिकन और भुनी हुई मछली शामिल है। इसके साथ ही बासमती चावल, स्पैगेटी, पुलाव, हैदराबादी बिरयानी भी परोसी जाएगी।

## भारतीय क्रिकेट टीम और नीरज चोपड़ा की मुलाकात, रिंकू सिंह ने शेयर की तस्वीरें

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बाद अब पुरुष क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में इतिहास रचने की उम्मीदें लिए चीन के हांगझोऊ शहर पहुंच गई है। दरअसल, एशियन गेम्स 2023 में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 3 अक्टूबर से करने वाली है। वहीं भारतीय स्क्वॉड में रिंकू सिंह भी शामिल हैं। उन्होंने ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा से मुलाकात की। जो एशियन गेम्स के लिए हांगझोऊ में मौजूद हैं। रिंकू ने नीरच चोपड़ा के साथ खुद की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में नीरज चोपड़ा के साथ रिंकू सिंह नजर आ रहे हैं। जबकि दूसरी तस्वीर में नीरज के साथ टीम इंडिया के अन्य कई खिलाड़ी भी दिख रहे हैं। इनमें अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा और आवेश खान शामिल हैं। बता दें कि, इन तस्वीरों में नीरज सहित सभी खिलाड़ियों ने भारतीय जर्सी पहनी हुई है। फैंस इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। रिंकू ने इन तस्वीरों के शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "नेशनल ड्यूटी"। बहरहाल, भारतीय क्रिकेट टीम 3 अक्टूबर से अपने अभियान की शुरूआत करेगी। जबकि नीरज चोपड़ा 4 अक्टूबर को एक्शन में होंगे। नीरज ने पिछली बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। ऐसे में इस बार भी उनसे गोल्ड मेडल की उम्मीदें की जा रही हैं।



# अगले बरस तू जल्दी आ...

*देशभर में गणेश उत्सव का समापन हो गया है। गुरुवार से भगवान गणपति की मूर्ति का विसर्जन शुरू हो गया। जुलूस की शक्ल में भक्तगण मंगलमूर्ति को विदा करने पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं का जश्न चरम पर रहा।*



मुंबई में लालबागचा राजा की मूर्ति के विसर्जन से पहले जश्न मनाते भक्त।



हैदराबाद, चारमीनार का दृश्य।



नई दिल्ली में भक्तगण।



हिमाचल प्रदेश



गुजरात के हजीरा में विघ्नहर्ता

## खबर संक्षेप

### पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे : लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं। यादव ने गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति के साथ टिप्पणी की, "केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सिर्फ़ चार प्रतिशत ओबीसी प्रोफेसर हैं जबकि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है।

### परमाणु हथियार का निर्माण संविधान का हिस्सा : उ.कोरिया



**नई दिल्ली।** जहां एक तरफ विश्व परमाणु हथियारों को लेकर एक सामंजस्य और गतिरोध बनाने कि जुगत में हैं। लेकिन वहीं इसके उलट नॉर्थ कोरिया ने अपनी परमाणु क्षमता को तेजी से बढ़ाने की नीति को अपने संविधान में ही शामिल कर लिया है। जी हां, अब यहां परमाणु हथियार बनाना संविधान का हिस्सा है। इसी के साथ ये ख़ास अधिकार अब नॉर्थ कोरिया के कानून का हिस्सा बन गई है।

### ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे रोकने की मांग वाली अर्जी खारिज

**वाराणसी।** अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वे रोकने की मांग वाली अर्जी खारिज हो गई है। गुरुवार को वाराणसी के जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने कहा कि सर्वे में मिल रहे साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का आदेश पहले ही जिलाधिकारी को दे चुके हैं। ऐसे में सर्वे रोकने का मसाजिद कमेटी का आवेदन खारिज किया जाता है। जिला जज ने कहा यह मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पहले ही उठाया जा चुका है। दोनों ही जगह इसे खारिज कर दिया गया। ऐसे में इस अदालत को इस मामले में सुनवाई की अधिकार नहीं है।



### चीनी हैकरों ने चुराए अमेरिकी विदेश विभाग के 60 हजार ईमेल

**वाशिंगटन।** चीन के हैकर्स अमेरिका के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इस साल माइक्रोसॉफ्ट के ईमेल प्लेटफॉर्म में सेंध लगाने वाले चीनी हैकर अमेरिकी विदेश विभाग के खातों से हजारों ईमेल चुराने में कामयाब रहे हैं। सीनेट के एक कर्मचारी ने रॉयटर्स से बातचीत में इस बात का दावा किया है। विदेश विभाग के आईटी अधिकारियों ने दावा किया है कि विभाग के 10 खातों से 60,000 ईमेल चोरी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि ये सारे ईमेल राज्य के 10 विभागों से चुराई गई हैं। इनमें से 9 ईस्ट एशिया और पैसिफिक के लिए काम रहे थे जबकि और एक यूरोप के लिए काम करता था।



इंडियन साइबर फोर्स ने ग्रुप ने एक्स पर पोस्ट में हैकिंग की ली है जिम्मेदारी

# कनाडा सरकार का नया आरोप, भारतीय हैकर्स ने कनाडाई सेना की वेबसाइट की हैक!

*भारत और कनाडा के बीच पनपने तनाव के बाद विवाद अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा और दोनों देशों के बीच आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत को आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, कनाडा ने भारत पर साइबर अटैक का आरोप लगाया है।*

एजेंसी ▶▶| ओटावा

रिपोर्ट के अनुसार, कनाडाई सशस्त्र बलों की आधिकारिक वेबसाइट बुधवार को अस्थायी रूप से काम करना बंद कर दिया। इसके बाद दावा किया गया कि वेबसाइट को 'इंडियन साइबर फोर्स' नामक हैकर्स के एक समूह ने हैक किया था जिन्होंने साइबर हमले के लिए एक्स पर जिम्मेदारी का दावा किया था।

### हैकर ने शेयर किया स्क्रीमशॉट

कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा विभाग में मीडिया संबंधों के प्रमुख डैनियल ले बौथिलियर ने द ग्लोब एंड मेल को बताया कि वेबसाइट में व्यवधान बुधवार दोपहर के आसपास शुरू हुआ, जिसे बाद में ठीक कर लिया गया। उधर, इंडियन साइबर फोर्स ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की कि "कैनेडियन एयरफोर्स वेबसाइट को हटा दिया गया है और वेबसाइट पर त्रुटि संदेश का एक स्क्रीनशॉट साझा किया।

*कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के अनुसार बुधवार को हुआ था हमला*



### कनाडाई अधिकारियों ने जारी किया बयान

*द ग्लोब एंड मेल रिपोर्ट के अनुसार कुछ डेस्कटॉप और मोबाइल फोन यूजर्स साइट पर नहीं पहुंच पा रहे थे। प्रभावित साइट कनाडा सरकार और राष्ट्रीय रक्षा विभाग की सार्वजनिक वेबसाइटों और आंतरिक नेटवर्क से अलग है। ले बौथिलियर ने आश्वासन दिया कि उनके सिस्टम पर व्यापक प्रभाव का कोई संकेत नहीं है।*

### जांच में जुटीं फोर्सेस

*कनाडाई फोर्स, जिसमें नौसेना, विशेष कमांड समूह, वायु और अंतरिक्ष संचालन समेत कनाडा में सभी सैन्य अभियान शामिल हैं, इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय साइबर फोर्स ने 21 सितंबर को कनाडा को धमकी दी थी। कहा था कि सोशल मीडिया के माध्यम से कनाडाई साइबरस्पेस पर अपने हमलों की 'शक्ति को महसूस करने के लिए तैयार रहने' की चेतावनी दी थी।*

### आतंकी पन्नू ने दी धमकी, 'विश्व कप नहीं, वर्ल्ड आतंक कप होगा'



खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का दुस्साहस भरा ऑडियो वायरल हुआ है। इस ऑडियो में उसने क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच को निशाना बनाने की धमकी दी है। वायरल हुए ऑडियो में पन्नू कह रहा है- 'शहीद निज्जर की हत्या पर, हम आपकी गोली के खिलाफ मतपत्र का उपयोग करने जा रहे हैं। हम आपकी हिंसा के खिलाफ वोट का इस्तेमाल करने जा रहे हैं। याद रखें, इस अक्टूबर में वर्ल्ड क्रिकेट कप नहीं होगा। यह वर्ल्ड आतंक कप की शुरुआत होगी। पीएम मोदी आप शहीद निज्जर की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं और सिख फॉर जस्टिस इस हत्या का बदला लेगा। हमारा टारगेट 6 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला आईसीसी वर्ल्डकप मैच होगा।'

#### पंजाब से की है लॉ की पढ़ाई

गुरपतवंत सिंह पन्नू पंजाब के खानकोट का रहने वाला है। उसका परिवार 1947 में विभाजन के दौरान पाकिस्तान से अमृतसर के खानकोट गांव में आकर बस गया था। पन्नू ने पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है। इसके बाद वह विदेश चला गया था। तभी से वह कनाडा और अमेरिका में रह रहा है। वह विदेश में रहकर ही खालिस्तानी मूवमेंट चला रहा है। इसमें उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद मिलती है। उसने सिख फॉर जस्टिस संगठन (एसएफजे) का गठन किया है।

# मैं झुकने वाला नहीं, कुछ नहीं मिला तो क्या पीएम मोदी देंगे इस्तीफा?

### बंगले की सीबीआई जांच पर बोले केजरीवाल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने इस मामले में प्रारंभिक जांच दर्ज कर लिया है। अब इसे लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मेरे ऊपर 33 से ज्यादा केस कर दिये हैं। मैं झुकने वाला नहीं हूं। ये भी जांच कर लें, कुछ भी नहीं निकलेगा। बीजेपी सरकार डराने की कोशिश कर रही है मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं झुकने वाला नहीं हूं।' केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी उन्हें तोड़ने की कोशिश कर रही है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। सीएम ने आगे कहा, 'यह पहली जांच नहीं है। उनलोगों ने 50 से ज्यादा जांच की है। उनलोगों ने 33 से ज्यादा केस मेरे खिलाफ दर्ज कर लिये हैं। इनकी पिछले 8 सालों से जांच हो रही है लेकिन कुछ भी नहीं मिला है। इसलिए इन्होंने एक नई जांच शुरू कर दी है।

**ये है मामला** बता दें कि दिल्ली कांग्रेस और दिल्ली बीजेपी के कई नेता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन के मुद्दे को जोर-शोर से उठाते आए हैं। दोनों ही पार्टियों ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन के दौरान नियमों का उल्लंघन किया गया था। इन पार्टियों का आरोप है कि बंगले के रेनोवेशन में करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। आरोप लगे थे कि लाखों-करोड़ों रुपये के सामान का इस्तेमाल रेनोवेशन में किया गया और इसके टेंडर भी गलत तरीके से निकाले गए थे। दोनों ही पार्टियों ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से इसकी शिकायत की थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी इस तरह के आरोपों से शुरू से ही इनकार करती आई है।

बिधूड़ी को नई जिम्मेदारी पर उठे सवाल

# विपक्ष बोला- भाजपा 'नफरत' का इनाम देती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के विवादित सांसद रमेश बिधूड़ी को नई जिम्मेदारी मिलने पर विपक्ष ने सवाल उठाते हुए भाजपा को घेरा है। संसद के विषेश सत्र में बीएसपी सांसद दानिश अली के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा सांसद बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी बनाया गया है। इसकी कांग्रेस, टीएमसी सहित विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की है और कहा है कि भाजपा 'नफरत' का इनाम देती है।

एक्स पर एक पोस्ट में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि बीजेपी ने संसद में दानिश अली पर अपमानजनक शब्दों से हमला करने के लिए रमेश बिधूड़ी को इनाम दिया है।

**खास बातें**
- विवादित सांसद को बनाया गया है टोंक का चुनाव प्रभारी
- संसद में बसपा सांसद के खिलाफ किया अपशब्दों का उपयोग

उन्होंने कहा, "बीजेपी 'नफरत' का इनाम देती है। बिधूड़ी को संसद के विशेष सत्र में इस्तेमाल किए गए अकथनीय शब्दों के लिए दानिश अली (बीएसपी) पर हमला करने के लिए इनाम दिया गया। राजस्थान में टोंक जिले का बीजेपी प्रभारी बनाया गया। टोंक में मुस्लिम आबादी 29.25 फीसदी है। यह राजनीतिक फायदे के लिए 'नफरत' का प्रतीक है।"

### सबका साथ, सबका विकास ये सब है इनका बकवास- जयराम



एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने कहा, "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास- ये सब है इनका बकवास।" दरअसल, टोंक जिले में चार विधानसभा सीटें हैं, यहां बड़ी संख्या में गुर्जर समुदाय के वोटर्स हैं। इसी जिले से कांग्रेस के वरिष्ठ और गुर्जर नेता सचिन पायलट आते हैं। बीजेपी का मानना है कि बिधूड़ी वोटों को स्विंग करने में मदद कर सकते हैं क्योंकि वह भी उसी जाति से आते हैं।

### कारण बताओ सांसद को नई भूमिका : महुआ



टीएमसी की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने भी बीजेपी को घेरते हुए एक्स पर कहा कि उन्हें पता था ये होगा। बीजेपी ने रमेश बिधूड़ी को एक मुस्लिम सांसद के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए "इनाम" दिया है। बीजेपी एक कारण बताओ सांसद को नई भूमिका कैसे दे देती है? नरेंद्र मोदी जी, क्या यह अल्पसंख्यकों के लिए आपकी स्नेह यात्रा है, आपकी प्रेम यात्रा है?"



## काठमांडू में 'जीवित गणेश'

नेपाल के काठमांडू में बारिश के मौसम के अंत का प्रतीक त्योहार इंद्र जात्रा के दौरान गुरुवार को जीवित भगवान गणेश को रथ पर ले जाते श्रद्धालु। स्थानीय मिथक के अनुसार, बारिश के देवता इंद्र ने एक बार खुद को प्रच्छन्न किया था एक इंसान के रूप में वह अपनी मां के लिए रात की चमेली इकट्ठा करने गया था लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। उनकी रिहाई के बदले में, यह सहमति हुई कि बारिश रोक दी जाएगी और उस वर्ष दिवंगत लोगों की आत्माएं स्वर्ग में चली जाएंगी।

### 'पहले जनता, फिर पार्टी' कहकर मणिपुरी एक्टर ने छोड़ दी भाजपा



**शिलांग।** मणिपुर में को भाजपा को बड़ा झटका लगा है। मशहूर मणिपुरी अभिनेता राजकुमार कैकु उर्फ सोमेंद्र ने बुधवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया। दो कूकी फिल्मों सहित 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय करने वाले कैकू से पार्टी ने उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। हालांकि वे अपने फैसले पर अडिग हैं। कैकू नवंबर 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी छोड़ने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता पहले और पार्टी बाद में है और मैंने बीजेपी छोड़ने के लिए अपना मन लगा लिया है।

# उज्जैन रेप कांड का मुख्य आरोपी हुआ गिरफ्तार भागने की कोशिश में घायल

*पीड़िता की हुई पहचान*
*सतना की रहवासी है वह*

एजेंसी ▶▶| उज्जैन

उज्जैन रेपकांड का मुख्य आरोपी पकड़ा गया है। सीन रिक्रिएट के समय धरपकड़ के दौरान, वह घायल हुआ है। 12 साल की नाबालिग से रेप के मामले में पुलिस ने एक ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान भारत सोनी के रूप में हुई है। महाकाल थाने के पुलिस इंस्पेक्टर अजय वर्मा ने बताया आरोपी को साइबर क्राइम टीम की मदद से पकड़ा गया है। आज हम लोग आरोपी को उस घटनास्थल पर लेकर गए थे जहां दुष्कर्म हुआ था। वहां जब पुलिस अपने काम में लगी थी तब आरोपी ने भागने की कोशिश की. पुलिस ने उसका पीछा किया। आगे आरोपी टक्कर लगने की वजह से गिर गया। वहीं हमारे दो पुलिसवाले भी जख्मी हो गए हैं। पूछताछ के लिए 3 अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया था।



### 8 किमी तक अर्धनग्न हालत में भटकती रही

बुधवार को उज्जैन से आई एक तस्वीर ने सबको सन्न कर दिया था। महाकाल के शहर उज्जैन में 12 साल की अर्धनग्न लहूलुहान ढाई घंटे तक मदद की गुहार लगाती रही थी। नाबालिग का वो सीसीटीवी वीडियो उज्जैन के तिरुपति ड्रीम्ज कॉलोनी का था।

### आरोपी ऑटो ड्राइवर तक ऐसे पहुंची पुलिस

हालात में थोड़ा सुधार होने पर पीड़िता ने बताया था कि वह जीवन खेरी में ऑटो पर बैठी थी। फिर जीवन खेरी से दांडी आश्रम तक के आठ किलोमीटर लंबे मार्ग के तमाम सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और आखिरकर पुलिस ने एक ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। ऑटो पर पुलिस को खून के धब्बे भी मिले थे। उसके तीन साथी ऑटो ड्राइवरों को भी पुलिस ने इस केस के सिलसिले में पकड़ा हुआ है। ऑटो पर मिले खून के धब्बों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है।

तीर्थयात्रियों को मिलने वाले वीजा का फायदा उठाकर पहुंच रहे दूसरे देश

# पूजास्थलों पर जेब काट रहे, विदेशों में भीख मांग रहे पाकिस्तानी

**खास बातें**
- दुनिया में गिरफ्तार हुए 90% भिखारी पाकिस्तानी मूल के
- पाकिस्तानी राजनयिकों ने अपनी सरकार से की है शिकायत

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



अभी तक आतंकवाद और गधे बेचने के मामले में बदनाम रहे पाकिस्तान में गरीबी इस कदर बढ़ चुकी है कि यहां के गरीब लोग पश्चिम एशियाई देशों में जाकर भीख मांग रहे हैं, पूजा स्थलों में जेब काट रहे हैं। यह खुलासा पाकिस्तानी मीडिया ने ही किया है। दूसरे देशों में रह रहे पाकिस्तानी राजदूतों ने अपनी सरकार से राष्ट्रीय शर्म का हवाला देकर गुहार लगाई है। दुनियाभर में गिरफ्तार होने वाले भिखारियों में से 90% लोग पाकिस्तानी मूल के होते हैं। पाकिस्तानी मीडिया डॉन ने अपनी रिपोर्ट में ये जानकारी दी है। इसके मुताबिक, प्रवासी पाकिस्तानियों पर सीनेट की स्टैंडिंग कमेटी को बताया गया कि पाकिस्तान से बड़ी संख्या में भिखारी विदेश जा रहे हैं। ओवरसीज मिनिस्ट्री सेक्रेटरी जुल्फिकार हैदर ने कमेटी को बताया कि कई भिखारियों ने सऊदी अरब, ईरान और इराक जाने के लिए तीर्थयात्रियों को मिलने वाले वीजा का फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि हरम जैसी पवित्र जगहों पर बड़ी संख्या में जेबकतरों को गिरफ्तार किया गया। बाद में इनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में हुई। इराक और सऊदी अरब में मौजूद पाकिस्तानी राजनयिकों ने अपनी सरकार से भी इस बात की शिकायत की है।

### मक्का मस्जिद के पास पॉकेटमारी

*सेक्रेट्री ऑफ ओवरसीज पाकिस्तानीज जीशान खांजादा ने जियो न्यूज उर्दू को बताया कि मक्का की महान मस्जिद के इर्द-गिर्द पकड़े गए पॉकेटमार भी पाकिस्तान के ही हैं। करीब 10 मिलियन पाकिस्तानी फिलहाल विदेश में हैं। इन पाकिस्तानियों में से बड़ी संख्या में लोग भीख मांग रहे हैं।*

### भिखारियों से भरी फ्लाइट्स

जीशान खांदजा ने आगे बताया कि यह लोग वीजा लेकर दूसरे देशों में पहुंचते हैं और वहां भीख मांगने लगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान से खाड़ी देशों को जाने वाली फ्लाइट्स ऐसे ही भिखारियों से भरी होती है। पाकिस्तानी की विदेशी कमेटी के मुताबिक यूएई में 1,600,000 और कतर में 200,000 पाकिस्तानी मौजूद हैं। इतना ही नहीं, ईराक और सऊदी अरब की जेलें भी पाकिस्तानियों से भरी पड़ी हैं।

# अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के अवसर पर आराजी लाइन में कार्यशाला का आयोजन




प्रखर वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस ' के अवसर पर आराजी लाइन वाराणसी में कार्यशाला का आयोजन हुआ। एशियन ब्रिज इंडिया के तत्वाधान में ' क्रिया ' दिल्ली के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 से 3 बजे तक सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आराजी लाइन, वाराणसी में आयोजित किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक परियोजन अधिकारी ने कहा कि गर्भ धारण करने , संतति को जन्म देने उसे पालने और बड़ा करने में पोषण के विस्तृत आयाम पर तैयारी की जरूरत होती है। इनमें कई स्तर पर मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक कारक प्रभाव डालते हैं। परिवार की आर्थिक सामाजिक दशा से प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त में से किसी भी स्तर पर कोई बाधा या परेशानी महसूस होने पर गर्भ के समापन का विकल्प प्रयोग में लेना समझदारी की निशानी है। महिलाओं को किसी भी जबरदस्ती या हिंसा से मुक्त होकर इस संबंध में निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। कंचन (कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर) ने कहा कि जच्चा असंतुलित मानसिक स्थिति में या खराब शारीरिक हालात में यदि बच्चे को जन्म देती है तो बच्चे के कुल क्षमता, शारीरिक और मानसिक योग्यता पर दुष्प्रभाव पड़ने का अंदेशा रहता है। गर्भसमापन जिसे हम स्थानीय भाषा मे बच्चा गिराना कहते हैं , को लेकर हमारे समाज मे कई तरह के मिथक हैं। हमे रूढ़ियों से बचने की जरूरत है। किसी निर्णय पर पँहुचने के पहले हमें गर्भ धारण करने वाली महिला और भविष्य में जन्म लेने वाले बच्चे दोनो के भले बुरे का ख्याल रखना चाहिए। महिला डॉक्टर अनामिका जी ने बताया कि MTP ( मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम संसोधित 2021 ) के तहत गर्भसमापन के मामले में कई जरूरी बदलाव किए गए है। एमटीपी से जुड़े प्रावधानों को विस्तार से बताया गया। 1- 20 सप्ताह से कम का गर्भकाल गर्भवती व्यक्ति की सहमति या , यदि अल्पवयस्क या मानसिक रूप से बीमार महिला का मामला है तो उनके अभिभावक की सहमति ; और एक पंजिकृत चिकित्सक की सलाह से किया जा सकता है। 2- 20 से 24 सप्ताह का गर्भकाल गर्भवती व्यक्ति की सहमति या , यदि अल्पवयस्क या ह्यमानसिक रूप से बीमारह्ल महिला का मामला है तो उनके अभिभावक की सहमति से दो पंजिकृत चिकित्सकों के सलाह से करवाया जाना वैध है।3- 24 सप्ताह से अधिक का गर्भकाल गर्भवती व्यक्ति की सहमति या , यदि अल्पवयस्क या ह्यमानसिक रूप से बीमारह्ल महिला का मामला है तो उनके अभिभावक की सहमति और मडिकल बोर्ड की संस्तुति से किया जाना वैध है। कार्यकर्ता सरिता ने कहा कि प्रजनन अधिकारों का पैमाना केवल महिलाओं के बच्चा पैदा करने या न करने के हक तक सीमित नहीं है। महिला को उसके यौन और प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित सभी मामलों पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने का हक होना चाहिए, इस बिंदु के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना आज के कार्यशाला का एक प्रमुख हिस्सा है। नीति (एशियन ब्रिज इंडिया)ने बताया कि प्रजनन अधिकारों में गर्भनिरोधन और यौन स्वास्थ्य के बारे में शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का हक, यौन निर्णय करने का हक, कि कौन से प्रकार के गर्भनिरोधक प्रयोग करने हैं, बच्चे कब और कितने पैदा करते हैं, सुरक्षित और कानूनी गर्भ समापन का हक और प्रजनन स्वास्थ्य का हक में उपरोक्त सब कुछ शामिल है। पिछड़े दलित, मुस्लिम और अल्पसंख्यक समुदाय के अन्य लोग, अविवहित, विकलांग और सेक्स वर्कर आदि लोगो को गर्भ समापन की सुविधाओं तक पहुंचने में जो दिक्कते आ रहीं हैं , इसके विषय मे प्रतिभागियों से संवाद किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों पेशेवरों को और संवेदनशील और धैर्य से काम करने की जरूरत समझी गयी। कार्यशाला के समापन में शिवांगी ने उपरोक्त सूचनाप्रद जानकारियों के साथ गर्भ समापन के मामलों में पहले से अधिक संवेदनशील होकर कोशिशों में जुटने का संकल्प दिलवाया। पिछड़े दलित और अन्य वंचित समुदाय की महिलाओं तक रूढ़ियों मिथकों को वैज्ञानिक समझ भागीदारी और सहिष्णुता के साथ बातचीत के माध्यम तलाशते हुए काम करने का प्लान ऑफ ऐक्शन बनाया गया। कार्यशाला में प्रमुख रुप से बृज मोहन (BPM), महिला डॉ अनामिका, 2 CHO, 25 आशा, 3 एएनएम और 3 संगिनीयों के अतिरिक्त साहिल, अनुज, किरन, सरिता आदि सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्माइल पिंकी के परिजनों को नोटिस पर सपा ने जताया आक्रोश

### नोटिस निरस्त नहीं किया गया तो उतरेंगे सड़क पर : देवी प्रसाद चौधरी



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। आस्कर अवार्ड से विश्व पटल पर छाने वाली स्माइल पिंकी के परिजना को वन विभाग द्वारा नोटिस देने पर समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सम्बोधित दो सूत्रीय मॉग पत्र सौपा। इस अवसर पर दिये गये ज्ञापन में मॉग की गई है कि आस्कर अवार्ड से छाने वाली पिंकी के गॉव ढबही में दो दर्जन से अधिक लोगो को घर खाली करने की नोटिस दी गई है। वहीं अहरौरा के सोनपुर गॉव के एथलेटिक्स धाविका के0एम0 चन्दा के पिता सत्यनारायण प्रजापति आवास के लिए अधिकारियो के चौखट पर वर्षो से दस्तक दे रहे है। समाजवादी पार्टी नोटिस निरस्त करने व आवास देने की मॉग की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि वन विभाग ने नोटिस देकर दलितो व स्माइल पिंकी का अपमान कर रही है। उन्होने कहा कि नोटिस निरस्त न होने पर समाजवादी पार्टी आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। कहा कि अन्र्तराष्ट्रीय एथलेटिक्स धाविका के0एम0 चन्दा आवास व पानी की व्यवस्था की जाय।

### पुरानी पेंशन को लेकर हुई बैठक आर पार की लड़ाई का ऐलान



प्रखर जौनपुर। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक नगर पालिका के टाउन हॉल में संपन्न हुई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चर्चा की गई और आर पार लड़ाई के लिए ऐलान किया गया। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राममूरत यादव ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए हम लोगों को अब कमर कस लेनी चाहिए और अगर इस पर सरकार निर्णय नहीं लेती है तो आर पार की लड़ाई हम लोग लड़ेंगे । इस क्रम में एक अक्टूबर को दिल्ली पहुंचकर एक देश एक विधान नियम के पक्ष में प्रदर्शन करेंगे । जिससे सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए। बैठक में राकेश यादव बृजेश सिंह रमाशंकर धर्मेंद्र ओमप्रकाश रजनीश अजय पाल मौजूद थे।

### भाजपा महानगर संगठन ने रामनगर में चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान



प्रखर रामनगर वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व निदेर्शानुसार मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि भाजपा महानगर महामंत्री एवं प्रवासी अशोक कुमार सिंह पटेल जी एवं उनके सहयोग में महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता जी के उपस्थिति में मंडल के पदाधिकारी एवं शक्तिकेंद्रों तथा बुथ अध्यक्षों की फिजिकल वेरीफिकेशन कराया गया। जिसमें संगठन को गति देने के लिए मुख्य रूप से सक्षम कार्यकताओं की समीक्षा की गई तथा उन्हें संगठन के रीति नीति सिद्धांतों से अवगत अवगत कराया गया।

### अफलेपुर मल्हनीमें जश्ने-ईद मिलादुन्नबी के जलसे जुलूस का हुआ आगाज



प्रखर जौनपुर। रबी उल अव्वल के मौके पर शहर से लेकर देहात तक हर और मिलाद जुलूस और जलसे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से हों रहा है। अफेलेपुर में भी एक मिलाद का आयोजन हुआ, जहा स्थानीय लोग रात भर नात व तकरीर करते हुए यादें मुस्तफा में मग्न रहे, इस ईद मिलादुन्नबी के मौके पर डाक्टर अब्बासी ने कहा कि हमारे नबी किसी एक कौम के लिए नहीं आए है,बल्कि वो रहमत उल लील आलमीन है ,यानी पूरे आलम के लिए रहमत,हम सभी को उनके बताए हुए तरीकों पर चलते हुए पांच वक्त की नमाज नही छोड़नी चाहिए और सबको ईमान से रहना चाहिए झूठ फरेब अन्याय से दूर रहना चाहिए और तमाम अहले वतन के साथ भाई चारगी बनायें रखना आपस मे मिल जुल कर रहना चाहिए, हमेशा किसी गरीब परेशान मजलूम की मदद के लिए आगे आना चाहिए, सभी को सभी मजहब का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर शाहिद खान, हाफिज मुमताज, जान मुहम्मद, मोलवी सलीम अहमद, पिंटू सिंह, राजाराम प्रधान, गुलाब यादव, नियाज, सुनील कुमार, अहमद, मुख्तार, साकिब, कामरान, अजीमुद्दीन, हाफिज तुफैल आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा, गूंजा जयकारा



प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा में भक्ति का माहौल बना रहा।हर तरफ वातावरण में जयकारे की गूंज सुनाई पड़ रही थी।दोपहर में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई।भक्ति गीतों के बीच आगे-आगे शोभा यात्रा में शामिल लोग अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे,तो पीछे कलश लिए महिलाएं आगे बढ़ रही थीं।लोग यज्ञ स्थल से पुरे बाजार में घुमते हुए प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर पहुचे।जहां मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के पास स्थित पोखरे के जल से कलश भरा गया। फिर यहां से यात्रा वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची।जहां पर विधि विधान के साथ कलश स्थापित कराया गया।संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक निवास स्थान पर किया गया है।

जिसका शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।गाजे-बाजे के बीच यात्रा में चारों तरफ भक्ति का माहौल छाया रहा।कार्यक्रम की तैयारी सुबह से शुरू हुई।संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर शुक्रवार को कलश यात्रा निकली। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग कुमार वर्मा, अशर्फी सेठ, फूलपत्ती देवी, ऊषा सेठ, पूनम सोनी, गीता सेठ, रीता सेठ, सत्यम सेठ, पप्पू मिश्रा, राजा गिरि, सचिन सेठ,रमेश सेठ, विनय वर्मा, संगम जायसवाल, शिवचन्द सेठ, सुदर्शन मिश्रा, रामलाल सेठ, दीपक दुबे, सुबाष सिंह, श्यामलाल सेठ, नीरज सेठ आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्री में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं व्यवसाय से संबंधित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बारे में जानकारी दी गई

प्रखर रामनगर वाराणसी। शुक्रवार को डोमरी, रामनगर, वाराणसी स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्री में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं व्यवसाय से संबंधित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बारे में जानकारी दी गई।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के एरिया कोऑर्डिनेटर व ट्रेनर चंदन वर्मा तथा राहुल सिंह, शिवम साहनी के द्वारा छात्राओं तथा बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल के बच्चों को बताया गया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा रोजगारपरक शिक्षा फ्री में प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सॉफ्ट स्किल, ब्यूटीशियन, सेल्फ टेलस सीलाई मशीन तथा कंप्यूटर कोर्स के द्वारा रोजगार संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल के निदेशक श्री मुकुल पांडेय ने उपस्थित छात्राओं एवं विद्यालय के बच्चों से कहा कि आज के समय में ऐसे कोर्स में प्रवेश लेना बहुत ही लाभदायक है। इस प्रकार के कोर्स के द्वारा कोई भी बेरोजगार नहीं रहेगा तथा सभी को रोजगार उपलब्ध होगा।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी, डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. रचिता सिंह, श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, डॉ. अभिजीत, सुश्री सुरभि पांडेय, डॉ. अमित रंजन, सुश्री दिव्या सिंह, श्रीमती सोनिया त्रिपाठी, श्रीमती अनीता पांडेय आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रखर पराऊगंज जौनपुर। शासन के निदेर्शानुसार अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अंतर्गत दिनांक 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक महाविद्यालय में मनाए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत शुक्रवार को कुटीर पीजी कॉलेज चक्के मे प्रभारी प्राचार्य डॉ अमरेश कुमार एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती पूनम सिंह के नेतृत्व में रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निबंध प्रतियोगिता का मुख्य विषय अहिंसा परमो धर्मः रहा। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओ ने स्वच्छता पर सुंदर अल्पना बनाकर उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उक्त अवसर पर डॉ रंजीत चौधरी प्रियंका उपाध्याय वंदना मिश्रा अनुश्री पूजा मिश्रा शीला आदि लोग उपस्थित रहे।

### चार से दस अक्टूबर तक वाराणसी में श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व की सबसे बड़ी अध्यात्म संस्था दिव्य ज्योति जागृति संस्थान जिसके संस्थापक व संचालक जो की एक दुर्लभ ,युग प्रवर्तक दिव्य गुरु आशुतोष जी महाराज है` विश्व की अध्यात्म शहर भारत देश के काशी में बीएचयू, सुन्दरपुर नरिया रोड स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान (लान) में होने जा रहे श्रीमद भागवत कथा जो की चार अक्टूबर से दस अक्टूबर तक महाराज जी की शिष्या विश्व विख्यात भगवताचार्य भागवत भास्कर साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती सुशोभित होंगी` भारती जी अपनी ओजश्वि वाणी से देश के अनेक प्रांतों में भागवत पिपासुओ को धर्म, अध्यात्म, विज्ञान,भक्तिरस एवं मधुर संगीत से परिपूर्ण कथामृत पान कराती हुई काशी की धरा पे पहुंच रही है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने कहा की आशुतोष महाराज है एक गुरु ही नही है बल्कि वो एक ऐसे महापुरुष है जो की अपने भक्तो को अपने त्रिनेत्र द्वारा साक्षात भगवान का दर्शन कराते है स्वामी अरुजनानंद ने कहा की हम सभी काशीवासी से सविनय निवेदन करते है की श्रीमद् भागवत कथा में पधारे और कथा का भक्तिमय आनद ले।

# 95 बटालियन एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौधा रोपण के तहत एवं सुरेंद्र चौधरी पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज चंदौली एवं अनिल कुमार वृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन दिशानिर्देश में 29 सितम्बर शुक्रवार कों श्री विश्वकर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रौना,खुर्द बेला वाराणसी बेला वाराणसी के बच्चों और अध्यापक, अध्यापिका के साथ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत विश्वकर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रौना खुर्द में स्वच्छता कार्यक्रम हुआ विद्यालय में पौध रोपण का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें कई छायादार व फलदार पेड़ लगाये गये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 95 बटालियन सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट अनुपम सिंह , विशिष्ट चंद्रशेखर सिंह सांसद महेंद्र नाथ पांडे के जिला प्रतिनिधि एवं काशी प्रसाद विश्वकर्मा प्रबंधक थे कार्यक्रम की अध्यक्षता सृजन संस्था के अध्यक्ष व गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने की कार्यक्रम व प्रमुख रूप से मीला यादव प्रधानाध्यापिका, दिनेश विश्वकर्मा, रण विजय कुमार, पूनम देवी, वीर बहादुर यादव, विपिन चंद्र राय व 95 बटालियन सीआरपीएफ निरीक्षक विवेक चंद्र राय, प्रवीण सिंह ने जवानों के साथ पूरे जोश के साथ भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गंगा हरीतिमा के ब्रांड एम्बेसडर अनिल सिंह के द्वारा श्री विश्वकर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रौना खुर्द बेला और 95 बटालियन सीआरपीएफ के जवानों व श्री विश्वकर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रौना खुर्द बेला वाराणसी के अध्यापक बच्चों एवं सीआरपीएफ के नौजवानों सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों के साथ एक जन जागरूकता रैली निकाली गई एवं स्वच्छता एवं पौधारोपण के लिए शपथ दिलाये।



# सरकार की आमद मरहबा की सदाओं से गुजा नगर



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। ईद मिलाद उल नबी का जश्न आज बडे ही अकीदत के साथ मनाया गया। पैगम्बर मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर लोगो ने एक दुसरे को दिया मुबारकबाद। मिजार्पुर जिले के अहरौरा नगर मे भी ईद मिलाद उल नबी का जश्म बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। दिन गुरुवार को अहरौरा नगर में इत्तेहादुल मुसलेमीन कमेटी के तरफ से पुरे नगर मे जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें हजारों मुस्लिम बंधु शामिल हुए। जुलूस मे बच्चों से लेकर बडे लोगों ने भाग लिया। जुलूसे मोहम्मदी मे ऊट, घोडे भी शामिल रहे, जो आकर्षण के केन्द्र रहे। वही जगह- जगह मुहम्मद साहब के याद मे जुलूस मे शामिल लोगो के स्वागत मे गेट बनाये गये। जुलूस मे शामिल लोग हाथो मे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ धार्मिक ध्वज भी लहराते नजर आये। ऊट, घोडे,.डीजे पर सवार होकर मुहम्मद साहब के याद मे नारे लगाये। और डीजे पर मौलाना द्वारा नाते कलाम पढ़ा गया। जुलूस में पैगम्बर मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान भी किया गया। वही हाफिज रौशन अली ने कहा कि हजरत साहब का आज यौमे पैदाइश है उसी के खुशी में पूरे मुल्क में आज जुलूस निकाला जा रहा है इस जुलूस के माध्यम से लोगों को पैगाम दिया जा रहा है देश में अमन चैन बनी रहे। क्योंकि देश में कई मजहब के लोग रहते हैं वह आपस में मिलजुल कर रहे हैं और मोहब्बत के साथ जिए, यही पैगाम हमारे हजरत मोहम्मद साहब ने पूरे दुनिया को दिया था उसी की खुशी में आज हम लोगो द्वारा जुलूस निकाल कर लोगों के बीच में भाई चारे का पैगाम दिया गया। वही सुरक्षा की द्दष्टि से एसओ अहरौरा अमित मिश्रा सहित नगर चौकी इंचार्ज मनोज राय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल द्वारा वर्ल्ड हार्ट डे पर पैदल यात्रा का आयोजन एवं ह्दय को स्वस्थ रखने के लिये दिये गये सुझाव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कैण्ट रोडवेज स्थित काशी के प्रथम कारपोरेट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के सभागार में पत्रकार वार्ता का किया गया आयोजन` इस पत्रकार वार्ता के माध्यम से सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल ने अपनी वर्ल्ड हार्ट डे पर आयोजित पैदल यात्रा जो हॉस्पिटल से शुरू होकर नील काटेज, मलदहिया, इंग्लिशिया लाइन, कैण्ट स्थित हॉस्पिटल पर समाप्त होने के आयोजन के बारे में विस्तार से दी जानकारी` इस पैदल यात्रा के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ. अशोक कुमार राय रहे इस अवसर पर डॉ. मोहित सक्सेना (सीटीवीएस सर्जन), डॉ. भूपेन्द्र वर्मा (कार्डियोलॉजिस्ट) ने ह्दय रोग एवं उससे बचाव पर विशेष रूप से व्याख्या दी। जैसा कि विदित हो कि कैण्ट रोडवेज स्थित सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल पूर्वाचल का प्रथम कार्पोरेट सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल है जहाँ पर दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों की मंहगी चिकित्सा सुवधायें रियायती मूल्य पर उपलब्ध है` सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल में मुख्यतः ह्दय रोग, न्यूरो सर्जरी, कैंसर सर्जरी, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, गैस्ट्रो एवं लीवर डिपार्टमेंट आदि विभागों की सुविधायें उपलब्ध है` पत्रकार वार्ता के दौरान यूनिट हेड आदित्य झा मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सफीर हैदर, वाइस प्रेसीडेंट सुमित सैनी, प्रशासनिक प्रमुख अश्विनी कुमार सिंह, एजीएम संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।



प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं